खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 31 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 79 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

Eid Mubarak


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

















# ईद की नमाज सड़कों पर न पढ़ें, न काली पट्टी बांधें

## आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने ईद के दिन हाथ पर काली पट्टी बांधने का ऐलान किया है, इस ऐलान पर मुसलमान अमल न करें, काली पट्टी न बांधें, क्योंकि यह दिन खुशियों का दिन है, काली पट्टी बांधकर खुशी के दिन को गम में ना बदले। अपने देश और परिवार के लिए खुशहाली और तरक्की की दुआ करें।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि ईद की तमाम तैयारियां जोर शोर से हो रही है, मैं तमाम ईदगाह के इमाम और मस्जिद के इमाम हजरात से अपील करूंगा कि ईद की नमाज का सौहार्द के साथ प्रबंध करें और नमाज में इस बात का ध्यान रखें कि रोड पर नमाज न हो, ईदगाह और तमाम मस्जिदों में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि अगर कहीं मस्जिद छोटी है, और नमाजी ज्यादा आ गए, तो मस्जिद के अंदर समा नहीं पाते हैं, ऐसी सूरत ए हाल में उसका तरीका शरियत ने ये बताया है कि मस्जिद में इमाम बदलकर दूसरी जमात या तीसरी जमात की जा सकती है। फिर रोड पर जमात की कोई जरूरत पेश नहीं आएगी, इसकी वजह यह है कि जब रोड पर नमाज लोग पढ़ने लगते हैं, तो एंबुलेंस ट्रैफिक और लोगों का आना जाना बंद हो जाता है, तो लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस्लाम किसी को तकलीफ पहुंचाने का मजहब नहीं है। हदीस का हवाला देते हुए कहा कि पैगंबर इस्लाम ने फरमाया कि अच्छा मुसलमान वह है, जिसके हाथ पैर जुबान से किसी को तकलीफ न पहुंचे इसलिए सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। मौलाना ने कहा है कि देश के सियासी हालात सभी को मालूम है, इसलिए मैं इमाम हजरात से गुजारिश करूंगा कि ईद के दिन अपनी तकरीरों में राजनीतिक मामलों को मुद्दा न बनाएं, इन मुद्दों को सियासत दानो पर छोड़ दें। मुस्लिम समाज के अंदर फैल रही बुराइयों की रोक थाम पर केंद्रित रखें।

### मुस्लिम धर्मगुरु सदर हुसैन जैदी ने की ईद पर मोदी किट वितरण की पहल की खूब सराहना

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईद के अवसर पर जारी 'सौगात ए मोदी' किट वितरण की पहल ने मुस्लिम धर्मगुरु सदर हुसैन जैदी का दिल जीत लिया। जैदी ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे एक सकारात्मक और आवश्यक सामाजिक पहल बताया, जिसके माध्यम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी वर्ग को भूख की समस्या न झेलनी पड़े। यह हुकूमत की एक नेक पहल है। अगर हम एक-दूसरे की मदद करते रहेंगे, तो भगवान-अल्लाह अपने आप सबका भला करेंगे।इस तरह की पहलों से न केवल आर्थिक सहायता मिलती है बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। इस प्रकार की सहायता से न केवल ईद बल्कि अन्य त्योहारों के अवसर पर भी लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा।

### मुख्तार अंसारी गिरोह का कुख्यात अनुज ढेर

**रांची।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने जमशेदपुर में एक एनकाउंटर में मुख्तार अंसारी गिरोह के कुख्यात अपराधी अनुज कनौजिया को मार गिराया। पूर्वी सिंहभूम के वरीष्ठ पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने रविवार को इसकी पुष्टि की है।अनुज कनौजिया उत्तर प्रदेश से फरार होकर झारखंड के जमशेदपुर में छिपकर रह रहा था। अनुज पर हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर सहित दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज थे। यूपी पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि अनुज कनौजिया इस समय झारखंड के जमशेदपुर में रह रहा है। यूपी एटीएस को लोकेशन मिलने के बाद झारखंड एटीएस की सहायता से अनुज को गिरफ्तार करने के लिए टीम शनिवार की देर रात जमशेदपुर के गोविदपुर के पास स्थित जनता मार्केट पहुंची थी। यूपी पुलिस और झारखंड पुलिस ने घेराबंदी की तो अनुज ने फायरिग शुरू कर दी। जिसके बाद उसे ढेर कर दिया गया।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

प्रयागराज, वार्ता



■ सुख-शांति और संपन्नता बनाए रखने की प्रार्थना की

**शक्ति** की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना का त्योहार चैत्र नवरात्र का शुभारंभ रविवार से शुरू होने के साथ ही पहले दिन मंदिरों में माता शैलपुत्री की पूजा के लिए सुबह से ही शहर के देवी मंदिरों पर देवी भक्तों की भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा पर चुनरी, सिंदूर और पुष्प चढ़ाकर परिवार के लिए सुख, शांति और संपन्नता बनाए रखने के लिए प्रार्थना की। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों के बाहर दर्शन पूजन के लिए सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज होती रही। अलोपीबाग स्थित माता अलोपशंकरी, मीरापुर स्थित मां ललिता देवी, कल्ध्याणी देवी स्थित मां कल्याणी, चौक स्थित खेमा माई, मुटठीगंज स्थित काली बाड़ी मंदिर मां के जयकारे के साथ घंटी और घड़ियाल तथा शंख ध्वनि गूंजती रही। मंदिरों में भीड़ इतनी ज्यादा हो गई कि शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं सका, पुलिस भी इसका पालन करने के लिए जूझती दिखी। रविवार को प्रतिपदा तिथि में कलश, गणेश अम्बिका, नवग्रह, पंचदेव, षोडशमातृका सहित भगवती का आवाहन एवं विधिविधान से पूजन किया गया। पूजन में गंगाजल, पंचामृत, मौली, अक्षत, चंदन, फूलमाला, इत्र, धुप-दीप, नैवेद्य, पान-सुपारी अर्पित कर कर्पूर से आरती हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे, राहुल, प्रियंका ने दी चैत्र नवरात्र पर देशवासियों को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चैत्र नवरात्र पर रविवार को देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। श्री खरगे ने कहा कि आदिशक्ति, मां दुर्गा की आराधना के महापर्व 'चैत्र नवरात्र' स्थापना के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक मंगल. कामनाएं। आशा है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए और सभी पर मां भगवती का आशीर्वाद बना रहे। श्री गांधी ने कहा कि गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्र, उगादि,चेराओबा, चेटी चंद और साजिबू मनाने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह शुभ अवसर आपके जीवन में खुशियां और आनंद लेकर आए तथा आपके घरों में शांति और समृद्धि भर दे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि आज पूरे देश में त्योहारों का दिन है। आप सभी को पावन चैत्र नवरात्र, नव संवत्सर विक्रम संवत 2082, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेती-चांद, नवरोज़ और साजिबु-चेरोबा की हार्दिक शुभकामनाएं।

### आसाराम को जमानत मिलने पर पीड़ित के पिता ने जताई हताशा

**शाहजहांपुर।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास सजा काट रहे कथावाचक आसाराम बापू को स्वास्थ्य के आधार पर न्यायालय द्वारा तीन माह की अंतरिम जमानत मिलने पर जबरदस्त निराशा और हताशा जताते हुए पीड़िता के पिता ने कहा है कि आसाराम ड्रामेबाज है । दूसरों का इलाज करने वाला आज खुद इलाज के नाम पर जेल से बाहर आया है। बाहर आकर अब वह सबको मैनेज कर रहा है। आसाराम को जमानत मिलने के बाद शाहजहांपुर में पीड़िता के पिता काफी मायूस है । उन्होंने रविवार को कहा कि उन्हें खुद आश्चर्य हो रहा है कि न्यायालय लगातार आसाराम की पहले 7 दिन फिर 12 दिन उसके बाद ढाई माह और अब तीन माह की अंतरिम जमानत दे रहा है। उन्होंने अपने अधिवक्ता को भी सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हमारे अधिवक्ता ने भी लगातार कहने के बाद भी न्यायालय में आपत्ति दाखिल नहीं की।

# रामजी लाल सुमन की हत्या करने वाले को 25 लाख

हाथरस, वार्ता

■ हाथरस के हिंदूवादी नेता मोहन चौहान ने राणा सांगा पर बयान को लेकर दी धमकी

**राज्यसभा** सांसद रामजी लाल सुमन को राणा सांगा पर दिए गए विवादास्पद बयान के बाद जानलेवा हमले की धमकी मिली है। हिंदूवादी नेता मोहन चौहान ने सुमन को गोली मारने की धमकी दी है। इसी के साथ उनकी हत्या करने वाले को 25 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। चौहान ने यह धमकी एक वीडियो में दी है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मोहन चौहान हिंदूवादी नेता होने के साथ ही राष्ट्रीय स्वर्णपरिषद के प्रदेश अध्यक्ष हैं। अपने वीडियो में उन्होंने रामजी लाल सुमन को सीधे-सीधे धमकाते हुए कहा कि 'तू जहां मिलेगा, वहीं गोली मारुंगा'। हाथरस में जवां थाना क्षेत्र के कोटा बहादुरपुर गांव में रहने वाले मोहन चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के गुंडे और माफिया छिपकर बैठे हैं। करणी सेना के कार्यकर्ताओं को लाठियां खानी पड़ी हैं, इसका उन्हें दुख है, लेकिन अब बहुत हो गया। उन्होंने सांसद रामजी लाल सुमन को ललकारते हुए कहा कि वह खुद उन्हें गोली मारेंगे। इस बीच यदि कोई उनका साथ दे या फिर खुद जाकर सुमन की हत्या कर दे, तो वह अपने संगठन की ओर से 25 लाख रुपये का इनाम देंगे। एक अन्य वीडियो में मोहन चौहान कहते नजर आ रहे हैं कि महाराणा सांगा महान वीर थे। शरीर पर 80 घावों के बावजूद उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। ऐसे में उनका अपमान वह किसी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी के साथ उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति देश के स्वर्णिम इतिहास के साथ छेड़छाड़ करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने फूंका सुमन का पुतला

**फिरोजाबाद।** यूपी के फिरोजाबाद में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को सपा नेताओं द्वारा सनातन विरोधी बयान बाजी की निदा करते हुए अखिलेश यादव की अर्थी निकाल कर सांसद रामजीलाल सुमन का भी पुतला फूंका गया। दल के जिला अध्यक्ष मोहन बजरंगी के नेतृत्व में रविवार को कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर कोटला चुंगी चौराहे पर पहुंचकर राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन का भी पुतला जलाया ।

## कपड़े पहनने से कोई योगी नहीं बन जाता: अखिलेश

# भाजपा ने देश का कारोबार ठप कर दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी वाले नीतीश कुमार को सीएम नहीं बनने देंगे: सपा प्रमुख बीजेपी वाले झूठ बोलते हैं, लेकिन कैमरे झूठ नहीं बोल सकते, भाईचारा कैसे बढ़े, इस पर ध्यान दें

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा सरकार की मंशा है की बुनियादी सवाल न पूछे जाए, इसलिए धार्मिक सवाल उठाए जाते हैं, पर सच्चाई यह है कि कोई भी कपड़े पहनने से योगी नहीं बन जाता है। अखिलेश यादव ने एक बार फिर योगी सरकार पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। अखिलेश यादव ने व्यापारियों के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि भाजपा ने नारों में कहा था ईज आफ डूइंग बिजनेस, लेकिन आज ईज आफ डूइंग बिजनेस नहीं, बल्कि ईज आफ डूइंग करप्शन, ईज आफ डूइंग क्राइम, ईज आफ डूइंग इंसल्ट, ईज आफ डूइंग कमीशन है। इस सरकार ने कारोबार रोका है और अपने लोगों को लाभ देने के चक्कर में न केवल प्रदेश का, बल्कि भारत का कारोबार और उद्योग ठप कर दिया है।

योगी के मीट के दुकान और अखण्ड रामायण के पाठ को लेकर दिए बयान पर कहा कि आज इन्वेस्टमेंट जमीन पर तो नहीं आया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने इन्वेस्टमेंट किसी ने किसी रूप में चैनलों को दे दिया है। लेकिन कोविड के बाद से वेतन नहीं बढ़ा है।

### आज बिजली महंगी और बेरोजगारी

आज की समस्या महंगी बिजली, कारोबार न होना, रोजगार न होना जैसी समस्या है। सरकार ने 40 लाख करोड़ के एमओयू का सपना दिखाया था है पर क्या ट्रांसपेरेंसी है, सिर्फ जीरो टॉलरेंस की बात होती है, पर ट्रांसपेरेंसी कहां है। अखिलेश यादव ने कहा कि कि भारतीय जनता पार्टी कितने मौके पर झूठ बोलती है, लेकिन मैं आज बता सकता हूं कि कैमरे बात नहीं बदलते और आप देख लेना, जिस तरह महाराष्ट्र में हुआ है जो आखिरी वक्त तक यह बताया गया कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। कभी जो मुख्यमंत्री नहीं बन पाया, उनके दिल से पूछो उन पर क्या गुजर रही होगी। मध्य प्रदेश में जिस नेता की वजह से जिस नेता के काम की वजह से जिस नेता की महिलाओं की योजना की वजह से वहां सरकार आई, उस व्यक्ति को इन्होंने सीएम नहीं बनाया। उनके दिल पर हाथ रख कोई पूछे। क्या उन्हें दिल्ली की सरकार अच्छी लग रही है या वह जो मुख्यमंत्री थे, वह अच्छा लगता था। हम लोग नीतीश को प्रधानमंत्री बनना चाहते थे, पर बीजेपी वाले उनको मुख्यमंत्री भी नहीं बनने देंगे। पीएम मोदी के नागपुर जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा खुशी अगर कहीं मिलती है, तो घर पहुंचकर मिलती है, सौगात ए मोदी और सड़क पर नमाज न पढ़ने पर कहा कि कोई सवाल बजट के ऊपर मत पूछिए , समाज मे भाईचारा कैसे बढ़े, यह देखिए।

### सपा प्रमुख के खिलाफ वाराणसी में पोस्टरवार, मिट जाएगी हस्ती

**वाराणसी।** गोशाला को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान के बाद दिल्ली से लेकर यूपी तक तेज हुई सियासत केबीच वाराणसी में पोस्टर वार भी शुरू हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कार्यकर्ता की तरफ से वाराणसी के शहरी क्षेत्र में एक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें अखिलेश यादव के इस बयान का विरोध जताते हुए सीधे-सीधे उनकी हस्ती को चुनौती दी गई है। इस पोस्टर लगाने वाले का नाम सुनील यादव बताया जा रहा है जो वाराणसी के ही रहने वाले हैं। सुनील यादव की तरफ से शहरी क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर में लिखा है कि 'गो माता का विरोध करते हो, देशभक्त यादव होने का दम भरते हो, अखिलेश मिट जाएगी हस्ती तुम्हारी, देख रहे हैं कृष्ण मुरारी'। यह पोस्टर इन दिनों वाराणसी में चर्चा का विषय बना हुआ है। मार्ग से जाने वाले वाहनों से और पैदल चलने वाले लोग भी बड़े ध्यान से इस पोस्टर को देखते नजर आ रहे हैं।

### सपा प्रवक्ता को लॉरेंस गैंग की धमकी

**बहराइच।** यूपी में समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता तारिक खान को कुख्यात माफिया लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी है। धमकी भरी कॉल रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। तारिक खान ने बहराइच पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने उन्हें फोन पर धमकी देते हुए खुद को कुख्यात माफिया डॉन लॉरेंस बिश्नोई का आदमी बताया। एक चैनल में मुखर होकर बोलने से नाराज आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि अगला नंबर तेरा ही है। जब तारिक ने कहा कि वह किसी लॉरेंस को नहीं जानते, तो आरोपी ने उन्हें दो तीन दिन इंतजार करने को कहा और गालियां देते हुए फोन काट दिया। तारिक खान ने इस संबंध में बहराइच पुलिस में शिकायत दी है। आरोपी उन्हें दो महीने से फोन कर रहा था। वह लगातार आरोपी के फोन कॉल को नजरअंदाज कर रहे थे, लेकिन शनिवार की शाम को आए फोन कॉल में वह सीधे जान से मारने की धमकी देने लगा।

## अर्थ व्यापार

# पीएमआई आंकड़ों की रहेगी बाजार पर नजर

मुंबई, वार्ता



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कई देशों को संभावित टैरिफ में छूट दिए जाने के संकेत से हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक के उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही मार्च में वाहनों की बिक्री एवं पीएमआई आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 509.41 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 77414.92 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 168.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23519.35 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 300.45 अंक अर्थात 0.72 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 41531.12 अंक और स्मॉलकैप 658.68 अंक यानी 1.4 प्रतिशत लुढ़ककर 46638.13 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष का अंतिम सप्ताह मजबूती से शुरू हुआ लेकिन अमेरिका के ऑटोमोबाइल पर टैरिफ की घोषणा के बाद निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से यह सपाट बंद हुआ। विदेशी एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों से लगातार निवेश के बावजूद, बाजार अपनी रफ्तार बनाए रखने में नाकाम रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक समीक्षा नीति की आगामी बैठक में संभावित दर कटौती को लेकर बढ़ते आशावाद के कारण बैंकिंग शेयरों ने लचीलापन दिखाया। हालांकि, टैरिफ और उनके संभावित प्रभावों की चिता के चलते ऑटोमोबाइल और फार्मा क्षेत्रों का प्रदर्शन कमजोर रहा। बढ़ते व्यापारिक तनाव के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जिससे सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। आने वाले सप्ताह में टैरिफ संबंधी स्पष्टता मिलने की उम्मीद है, जिससे निवेशक उनके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का आकलन कर पाएंगे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 658.8 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त इजाफा होने 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 658.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.7 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 558.8 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.9 अरब डॉलर उछलकर 77.3 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, चना दाल सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता



**विदेशी** बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि चना और दाल चना सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 134 रिंगिट उबलकर 4785 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की तेजी लेकर 44.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में भी मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

# हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए

## नागपुर हिंसा और औरगंजेब का कब्र खोदे जाने की मांग पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी

नई दिल्ली, वार्ता



**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हम संवेदनशील समाज में रहते हैं, हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। यह भी कहा कि फिल्म छावा में जो कुछ बताया गया था, वो सच्चाग्र सामने आई है। उनहोंने नागपुर में हुई हिंसा और औरंगजेब के कब्र खोदे जाने की मांग को लेकर अपनी बात रखी। वे एक चैनल से मुखातिब हो रहे थे।

नागपुर हिंसा के बाद महाराष्ट्र में बीजेपी की ओर से कई नेताओं से दिए गए बयान पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जब कोई बयान देता है, तो यह उसके समाज का, उसकी पार्टी का, उसके धर्म का, या फिर उसकी जाति का है, ऐसा नहीं समझना चाहिए। हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग है और हम एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। औरगंजेब की कब्र खुदाने पर मचे बवाल पर उन्होंने कहा कि औरगंजेब ने अपने पिता को जेल में बंद किया था, अपने भाई की हत्या कर दी थी। उनमें जिस किसी ने अच्छाई देखी होगी, ये उनका सवाल है। अच्छाई भी हो सकती है, लेकिन आज औरगंजेब को मुस्लिम धर्म के लोग मानते हैं, ऐसी स्थिति भी नहीं है। इतिहास पर उठे विवाद पर गडकरी ने आगे कहा कि इतिहास को कभी मिटाया नहीं जा सकता। जो कुछ बताया गया वही फिल्म में जो बताया गया था, वो तो सच्चाई थी। हमारी संस्कृति भी यही है कि हर समय रामायण और महाभारत से हमें ये संदेश मिला कि हमारा व्यवहार कैसा रहा है। जिस व्यक्ति से लड़ाई हुई, जिसे हराने के बाद भी प्रभु राम ने रावण के साथ और लंका में वहां के लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार किया। इसी तरह महाभारत में जीत मिलने के बाद भगवान कृष्ण और पांडव ने बाकी लोगों के साथ कैसा व्यवहार किया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि इन बातों से विवाद बढ़ाने की जगह पुराने इतिहास से अगर वर्तमान काल में कुछ प्रेरणा मिलती है, तो वह इतिहास निश्चित तौर पर प्रेरणादायी होता है, लेकिन अब उसको लेकर विवाद करना, झगड़े करना मेरे ख्याल से सही नहीं है।

### व्यक्ति धर्म से नहीं, गुणों से होता है बड़ा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जातिगत जनगणना का विरोध करते हुए कहा कि मानवता के आधार पर समाज के आखिरी पायदान पर जो शख्स खड़ा है, उसका विकास किया जाना चाहिए ताकि वह विकास की मुख्यधारा में आ सके। उन्होंने बताया कि वह जातिगत जनगणना के समर्थक नहीं हैं। देश में जातिगत जनगणना की जरुरत है' के सवाल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पहली बात यह कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति, पंथ, धर्म, भाषा या लिंग से बड़ा नहीं होता, बल्कि उसके गुणों से बड़ा होता है। उन्होंने आगे कहा कि इस समाज से छुआछूत, जातियता, अस्पृश्यता नष्ट की जानी चाहिए।

### सिद्धपीठ विंध्याचल में नवरात्रि मेला शुरू

**मिर्जापुर।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ विध्याचल नवरात्रि मेला रविवार से शुरू हो गया। आज पहले दिन लाखों दर्शनार्थियों ने विध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विध्यवासिनी के दर्शन पूजन कर मां से आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं ने विध्य पर्वत पर स्थित मां काली और अष्टभुजा देवी की त्रिकोण परिक्रमा भी की। मेला 7अप्रैल तक चलेगा। जिला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए चौबीस घंटे दर्शन पूजन के लिए मंदिर खोलने का निर्णय लिया है। नवरात्रि के दौरान ईद को देखते हुए जिला प्रशासन फूंक फूंक कर कदम उठा रहा है। मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं आज भोर मंगला आरती के बाद के बाद ज्यों ही मंदिर के पट खुले दर्शनार्थियों का रेला मां का एक झलक पाने के लिए उतावला नजर आया। यह क्रम सारे दिन तक जारी रहा।गर्भ गृह में दर्शन के लिए तीन लाईन लगाई गई है। तीनों लाइनों में लम्बी लम्बी कतारें लगी रहीं।

भायला पोस्ट-ग्रेजुएट कॉलेज, भायला (सहारनपुर)
BHAILA POST GRADUATE COLLEGE, BHAILA (SRE.)
भायला पी0जी0 कॉलेज, भायला सहारनपुर में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु एवं बी0एड0, बी0सी0ए0 तथा विभिन्न विषयों रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित, बायोकैमेस्ट्री, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र व वाणिज्य संकाय हेतु योग्य प्राध्यापकों की आवश्यकता है। आवेदक सादे कागज पर सभी प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियों के साथ स्वयं या पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 2025 तक स्वीकार किये जायेंगे। वेतन उत्तर प्रदेश सरकार के मानकों के अनुसार देय होगा। यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय मानकानुसार अर्ह एवं विशिष्ट योग्यता धारक अभ्यर्थियों को अतिरिक्त आकर्षक वेतन संस्तुति साम्भावित है।
कंवरपाल सिंह (सचिव)

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख न लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 31 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 79 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

Eid Mubarak

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 1 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

## अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## भारत में भी दिखा चांद, देशभर में आज मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जामा मस्जिद स्थित फतेहपुरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कहा कि ईद का चांद रविवार देर शाम दिख गया है, इसलिए ईद उल फितर सोमवार को मनाई जाएगी। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ईद का चांद दिखने और सोमवार को ईद मनाने का ऐलान होने के बाद आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट कर लोगों को ईद मुबारक कहा।

## 68 लाख रुपये के इनामी 50 नक्सलियों का सरेंडर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 68 लाख के इनामी 50 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर माओवादी संगठन को करारा झटका दिया है। नक्सलियों ने आत्मसमर्पण बीजापुर पुलिस अधीक्षक डा. जितेंद्र यादव के समक्ष किया। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर करने से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। समर्पण करने वालों में कई वांछित नक्सली शामिल थे। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम था।

## मणिपुर समेत तीन राज्यों में अफस्पा छह महीने बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, मणिपुर में जारी हिंसा के कारण कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में एक अप्रैल 2025 से अगले छह महीने तक अफस्पा लागू रहेगा। इससे पहले सितम्बर 2024 में मणिपुर के 6 जिलों में छह महीने के लिए अफस्पा लागू किया गया था। यह इसी साल 31 मार्च को समाप्त हो रहा था, लेकिन राज्य में जारी हिंसा के चलते अब यह फैसला लिया गया है।

# म्यांमार में तीसरे दिन कांपी धरती, मृतक संख्या 1700 पहुंची

## अब 5.1 तीव्रता का आया भूकंप, मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका

**यांगून, वार्ता**

**म्यांमार में** शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया।

हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे। इससे पहले शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई इमारतें गिर गईं और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। अब तक 1,700 लोगों के मारे जाने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है। रविवार दोपहर आए झटके से पहले 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में शनिवार शाम तक कम से कम पांच झटके महसूस किए गए थे। इसमें सबसे तेज झटका 6.4 तीव्रता का था। लगातार आ रहे झटकों से लोगों में दहशत है। म्यांमार सागाइंग फाल्ट पर स्थित है, जो इंडिया प्लेट और सुंडा प्लेट को अलग करता है, जिस वजह से यहां भूकंप का खतरा बना रहता है।



नेपीदा में आए भूकंप के बाद एक बौद्ध मठ की इमारत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

- भूकंप के झटके महसूस होने पर लोगों में दहशत फैली
- थाईलैंड में 47 नागरिक लापता, तलाश जारी

इससे पहले शुक्रवार को आए भूकंप के चलते कई इमारतें ढहने से व्यापक क्षति हुई है। म्यांमार लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध की चपेट में है और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। ऐसे में राहत-बचाव कार्यों में काफी मुश्किल हो रही है। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे और इसने राजधानी बैंकॉक समेत देश के अन्य क्षेत्रों को हिलाकर रख दिया था। हालात यह हैं कि अस्पतालों में जगह कम पड़ गई है और सड़कों पर अस्थायी तरीके से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इलाज सामग्री व दवाओं की भी काफी कमी हो गई है।

### भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद में भारत सबसे आगे

**नेपीदा।** भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत लगातार पहल कर रहा है। अब ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत म्यांमार में मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) टीम तैनात की गई। सेना की 50 पैरा ब्रिगेड के कमांडर वाली टीम का शनिवार को म्यांमार के नेपीदा हवाई अड्डे पर म्यांमार में भारत के राजदूत, म्यांमार के रक्षा प्रमुख और नौसेना प्रमुख ने स्वागत किया। पैरा ब्रिगेड टीम के नेतृत्व में फील्ड अस्पताल की 118 सदस्यीय टीम ने रविवार सुबह ऑपरेशन शुरू कर दिया। एक अधिकारी और जूनियर अधिकारी के नेतृत्व वाले दल को मांडले में तैनात किया गया। मांडले में स्वास्थ्य सेवा दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। यहां पर सड़क पर ऑपरेशन थिएटर स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इससे पहले दो सी-17 विमान 118 सदस्य वाले भारती सेना फील्ड अस्पताल इकाई के साथ म्यांमार पहुंचे, जिसमें महिला एवं बाल देखभाल सेवाएं भी शामिल हैं। साथ ही, 60 टन राहत सामग्री भेजी गई है।

## ऑफशोर माइनिंग टेंडर पर राहुल गांधी की पीएम को चिट्ठी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पीएम मोदी के नाम लिखा लेटर सामने आया है। इसमें राहुल ने केरल, गुजरात और अंडमान एवं निकोबार के तटों पर ऑफशोर माइनिंग की परमिशन देने के केंद्र सरकार के फैसले का विरोध किया है। राहुल ने इसे मरीन इकोसिस्टम और कोस्टल कम्युनिटी की आजीविका के लिए खतरा बताया है। राहुल गांधी ने ऑफशोर एरियाज मिनरल (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 की आलोचना भी की। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस कानून का शुरू से ही विरोध हो रहा था, क्योंकि इसमें पर्यावरण और सामाजिक- आर्थिक दुष्प्रभावों की अनदेखी की गई है। राहुल ने कहा कि सरकार ने बिना प्रॉपर स्टडी और हितधारकों से परामर्श के ही निजी कंपनियों को ऑफशोर खनन की परमिशन दे दी। इसलिए सरकार इसका टेंडर कैंसिल करे।

# रक्षा राज्य मंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रांची, वार्ता**



**झारखंड में** भाजपा के नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में रांची बंद के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा डालने के आरोप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि इस मामले में रांची के पंडरा ओपी प्रभारी सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार की लिखित शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपियों पर सरकारी काम में रुकावट डालने और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया गया। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को रांची के कांके चौक पर भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भाजपा, आजसू और लोजपा रामविलास ने अगले दिन रांची बंद का आह्वान किया था। इस बंद के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजधानी के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें कानून व्यवस्था को लेकर अपनी आवाज उठाई। पंडरा ओपी प्रभारी सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार की शिकायत पर नामजद आरोपियों में संजय सेठ के अलावा ललित ओझा, कुमुद झा, बैजू सोनी, सत्यनारायण सिंह, प्रदीप ओझा, धर्मेंद्र साहू और अशोक यादव सहित अन्य अज्ञात आरोपी शामिल हैं।

# पराली जलाने पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा इस मामले में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अप्रैल-मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली- एनसीआर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बल्कि उन राज्यों के लोगों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है, जहां पराली जलाई जाती है। याचिका में दावा किया गया है कि बच्चे और बुजुर्ग इससे विशेष रूप से प्रभावित होते हैं।

# कामाख्या एक्सप्रेस के 11 एसी कोच पटरी से उतरे

## एक यात्री की मौत, 25 घायल

**भुवनेश्वर, वार्ता**

**ओडिशा के** कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हैं। मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर भेजी गई है।

हादसा सुबह 11.54 बजे नेरगुंडी स्टेशन के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या ले जाने के लिए विशेष ट्रेन 4:10 बजे घटनास्थल पर पहुंची। इससे पहले ईस्ट कोस्ट रेलवे के पीआरओ अशोक मिश्रा ने बताया था कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी की तरफ से जारी विजुअल्स में एक घायल स्ट्रेचर पर ले जाए जाते दिख रहा था। महाराष्ट्र के जलगांव में 22 जनवरी को लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के 23 यात्रियों को दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कुचल दिया। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के दौरान ट्रेन में मौजूद लोगों ने बताया कि आग लगने की अफवाह सबसे पहले एक चायवाले ने फैलाई थी। ईस्ट कोस्ट रेलवे के सुत्रों ने कहा कि दुर्घटना राहत और चिकित्सा राहत ट्रेन को भी घटनास्थल पर भेज दिया गया है। प्रभावित ट्रेन में फंसे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण फंसे हुए यात्रियों को चिलचिलाती धूप में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ईसीओआर ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं - भुवनेश्वर 8455885999, कटक - 8991124238 और खुर्दा रोड हेल्प डेस्क के लिए 06742492245।



# RSS भारत की अमर संस्कृति का वट वृक्ष: मोदी

- कहा: राष्ट्रीय चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा

**नागपुर।** प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक वट वृक्ष है और यह राष्ट्रीय चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि कठिन से कठिन दौर में भी भारत की चेता को जागृत रखने वाले नए-नए सामाजिक आंदोलन होते रहे हैं। श्री मोदी नागपुर के माधव नेत्रालय के नए भवन (प्रीमियर सेंटर) के शिलान्यास पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने नागपुर के दौरे में आरएसएस के मुख्यालय का दौरा किया और वहां संगठन के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार और आरएसएस के पूर्व सर संघ चालक स्वर्गीय माधव सदाशिव गोलवरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी यहां दीक्षाभूमि भी गए और डा. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। नागपुर के दौरे में श्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उनके साथ थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है।






# जाट महापंचायत में कुरीतियां दूर करने का लिया संकल्प

## केन्द्रीय आरक्षण लेने को एकजुट होने का संदेश दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिसौली।** रविवार को किसानों की राजधानी सिसौली में डीएवी इंटर कालेज के पास मैदान में आयोजित विशाल जाट महापंचायत में शामिल हजारों लोगों ने एक साथ एक स्वर में केन्द्र में जाट आरक्षण की वकालत करते हुए लड़ाई लड़ने की हुंकार भरी। इसी के साथ जाट समाज में व्याप्त कुरीतियों पर भी चिंता जताई। सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी में बढ़ रही नशाखोरी, सूखा नशा, संयुक्त परिवार का विघटन, माता–पिता का अनादर, मृत्यु भोज जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जाट बहादुर और कर्मनिष्ठ कौम है, इसलिए हम हर सूरत में आरक्षण लेकर रहेंगे। महापंचायत में



खेती–किसानी के साथ व्यापार और शिक्षा ग्रहण करने का भी संदेश दिया गया।

जनपद जाट महासभा मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में आयोजित महापंचायत में जनपद के ही नहीं बल्कि शामली, बागपत, सहारनपुर, बुलंदशहर, मेरठ, बिजनौर, हापुड़, हरिद्वार, रुड़की, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से भी जाट समाज के हजारों लोगों ने शिरकत की। महापंचायत को संबो. धित करते पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान ने कहा कि शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जाट समाज राजनीति के क्षेत्र में पिछड़ रही है। लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा की जरूरत है। सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि जाट समाज में नशा बहुत बढ़ गया है। जबकि युवाओं को पठन–पाठन में लगना चाहिए। जनपद जाट महासभा के अध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने कहा कि आज की महापंचायत में सोए हुए समाज को जगाने का काम किया है। अब केन्द्र सरकार को सोच लेना चाहिए कि जाट समाज आरक्षण का हक पाकर ही रहेगा। महापंचायत में चौधरी गजेंद्र सिंह अहलावत खाप, चौधरी गौरव गुलिया खाप, चौधरी परविंदर आर्य शयोरण खाप, सुखपाल सिंह घणघस खाप, चौ राहुल काजला खाप, अखिल भारतीय जाट महासभा राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह, जितेंद्र बहसूमा, अभिनेता विकास बालियान, अर्जुन चौधरी, अनुज बालियान हडौली, राहुल पंवार, अमित ने भी संबोधित किया। महापंचायत की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकट व संचालन जयवीर सिंह ने किया।

# युवाओं में बढ़ते अपराध बिरादरी को डुबोएंगे: नरेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बालियान खाप के चौधरी एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि जाट बिरादरी में जो खूबियां थी वह अब न के बराबर है। बिरादरी की अच्छाई खत्म हो गई। उन्होंने कहा कि घटती जनसंख्या व बढते अपराध जाट बिरादरी को लेकर डूब जाएंगे। उन्होंने जाट आरक्षण पर कहा कि आरक्षण का फायदा जब है, जब आप एकजुट रहोगे। बालियान खाप चौधरी नरेश टिकैत रविवार को सिसौली गांव में जनपद जाट महासभा मुजफ्फरनगर द्वारा आयोजित विशाल जाट महापंचायत की अध्यक्षता करते हुए हजारों की संख्या में पहुंचे जाट समाज को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जिस स्थिति में बिरादरी चल रही है, कुछ साल में जाट बिरादरी ही नहीं रहेगी। बिरादरी के युवा मोटरसाइकिल पर 50 किलोमीटर तक सफर करते हैं, रोजाना आठ से 10 एक्सीडेंट मुजफ्फरनगर जिले में ही होते हैं जिसमें कुछ अस्पताल में व कुछ युवाओं की जान चली जाती है। नरेश टिकैत ने युवाओं से बाइक पर ज्यादा सफर न करने की अपील की। कहा कि हमारे द्वारा किए हुए 98 प्रतिशत फैसले बिरादरी के लोग ही नहीं मानते, जिनमें उनका खर्च सिर्फ एक चाय का होता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जाट बिरादरी के लोगों को कहा कि सुधर जाओ और प्रतिज्ञा करो कि कोई भी गलत कार्य नहीं करेंगे । आपस में झूठे मुकदमें कर अपने ही नाश की नींव खोद रहे हो । लोग गांव छोडकर शहर की ओर पलायन कर रहे हैं। बिरादरी में बिगाड आ गया है,



जिससे आत्मा पर जोर पडता है। युवा पीढी का रास्ते से विचलित होना शुभ लक्षण नहीं है। उन्होने कहा कि किसी को भी वोट दो हमें उससे कोई मतलब नहीं है लेकिन कहीं कोई आपकी सुनने वाला नहीं है आना यही पडेगा। अच्छे आदमी और समय की कद्र करो। उन्होंने जाटसमाज की जनसंख्या घटने पर चिंता जताई। साथ ही समाज में बढ़ते अपराध को नुकसानदायक बताया। मृत्यु भोज पर रोक लगाने, युवा पीढी को नशा से दूर रहने और समाज में तलाक जैसी बीमारी फैलने पर भी चिंता जताई। साथ ही महापंचायत के आयोजक धर्मवीर बालियान की प्रशंसा भी की।

# गढ़ी रसूलपुर में दो पक्षों के बीच हुआ संघर्ष

**पथराव व फायरिंग में कई घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी रसूलपुर में शनिवार की रात दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। मामूली विवाद ने उग्र रूप ले लिया, जिससे लाठी–डंडों के साथ पथराव और फायरिंग तक हो गई। इस घटना में एक महिला सहित कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जानसठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार इम्तियाज और अकरम के परिवारों के बीच मोटरसाइकिल टकराने को लेकर विवाद हुआ था, जिसे गांव के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में सुलझा लिया गया था। लेकिन 29 मार्च को इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों में फिर से टकराव हो गया, जिससे हालात बेकाबू हो गए। इम्तियाज पुत्र पीरु के अनुसार, रात करीब 9 बजे उसका पुत्र शाहरूख टहलने निकला था, तभी गांव के कुछ युवकों ने उसे घेरकर पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि कैफ पुत्र अकरम, बुल्ला पुत्र साकिर, मेहताब पुत्र अख्तर, अकरम पुत्र सुभान, इकराम पुत्र नवाब अली, साबिर पुत्र जफर और शाहबाज पुत्र साबिर ने शाहरूख पर हमला किया। सूचना मिलते ही इम्तियाज, इस्लामुद्दीन, मुंतियाज, नज्मू, सलीम, रिजवान, शाहरुख समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिससे दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। विवाद बढ़ा और देखते ही देखते लाठी–डंडों के साथ पथराव शुरू हो गया। हालात और बिगड़ने पर दोनों ओर से फायरिंग भी की गई, जिससे गांव में दहशत फैल गई। इस संघर्ष में इकराम पुत्र नवाब अली, मेहताब पुत्र अख्तर और नफीसा पत्नी सिराजुद्दीन घायल हो गए। घायलों को जानसठ सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना पर थाना मीरापुर पुलिस तत्काल गांव पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि अकरम पुत्र सुभान की ओर से जानलेवा हमला करने, फायरिंग कर दहशत फैलाने और इम्तियाज पुत्र पीरु पर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर अकरम पक्ष की ओर से भी सात नामजद व 10 अज्ञात लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही गिरफ्तारियां की जाएंगी। गांव में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

### योगी की गाइडलाइन को दी चुनौती, पहले नवरात्रे पर मदिरा मांस का किया सेवन

**बुढाना।** दो युवकों ने बुढाना तहसील परिसर में स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय के ठीक बाहर रविवार को नवरात्रे के प्रथम दिन भी खुले आसमान के नीचे बैखोफ होकर मांस मदिरा का जमकर सेवन किया। जिसका वीडियो किसी ने वायरल कर दिया। बताया जाता है कि नवरात्रे शुरु हो गये हैं और सरकार की गाइडलाइन में भी है कि नवरात्रे तक कोई भी व्यक्ति 500 मीटर की दूरी तक भी मांस की दुकान नहीं खोलेगा और किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से मदिरा का सेवन नहीं करेगा लेकिन इन दोनों युवकों ने सरकारी कार्यालय के बाहर खुले आसमान के नीचे वो भी नवरात्रे के पहले ही दिन मांस मदिरा का सेवन कर गाइडलाइन्स की ही धाज्जियां उडा डाली। वैसे पुलिस दोनों युवकों की तलाश में लग गयी हैं।

# सड़क हादसे में घायल हुए वृद्ध ने मेरठ में दम तोड़ा

**बुढ़ाना।** छह दिन पूर्व एक सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए वृद्ध जाबिर अली की जनपद मेरठ के एक निजी हस्पताल में उपचार के चलते आज रविवार की सुबह मौत हो गयी। ईद उल फितर के त्यौहार से ठीक एक दिन पहले हुई मौत को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार चालक के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी है। बीती 24 मार्च को लगभग सायं साढ़े तीन बजे लगभग 55 वर्षीय जाबिर अली पुत्र लियाकत निवासी गांव जौला गांव के ही सोनू पुत्र यासीन के साथ मोटर साईकिल से बुढाना से ग्राम जौला जा रहे थे। जब दोनों मेपल्स स्कूल से 50 मीटर पहले स्थित स्टोन शाप पर आए तो पहले से मौजूद रिश्तेदार आमिर पुत्र रहीसूदीन निवासी दमगढी रासना जनपद मेरठ से सडक के बांयी तरफ बात कर रहे थे कि तभी गढी सखाव. तपुर गांव की तरफ से तेज गति से आ रही रिनाल्ट किगर कार के चालक ने तेजी लापरवाही से विपरीत दिशा मे गाडी चलाकर जाबिर और आमिर को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया तो डाक्टरों ने गंभीर हालत में जाबिर अली को मेरठ रैफर कर दिया। जहां रविवार को जाबिर ने हस्पताल में उपचार के चलते दम तोड दिया। ईद से ठीक एक दिन पूर्व हुई मौत से ईद की खुशियां गम में तब्दील हो गयी। परिवार में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है और गांव में भी शोक व्याप्त है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जट मुझेड़ा गांव में भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी का किया गया जोरदार स्वागत भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी का जट मुझेड़ा गांव के लोगों ने ढोल नगाड़ों फूलों से जोरदार स्वागत किया कार्यक्रम आयोजन इंद्र कुमार फौजी ने कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी को बड़ी माला पहनकर सम्मानित किया वहीं उन्होंने कहा कि सुधीर सैनी भाजपा के ऐसे जिला अध्यक्ष हैं जैसा कि भाजपा को चाहिए वहीं कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने कार्यक्रम आयोजक व गांव के लोगों को अपने विचार रखते हुए कहा कि मुझे भाजपा ने आप लोगों के लिए ही जिला अध्यक्ष सुनकर भेजा है गांव के लोगों को



कभी भी किसी भी तरह मेरी जरूरत पड़े तो सदा सदैव में उनके लिए तत्पर खड़ा हूं वहीं गांव के लोगों ने भी सुधीर सैनी का माला पहनकर जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे गीता कश्यप, मोनू धीमान, सचिन प्रजापति, सुनील जगपाल कश्यप, विपिन प्रजापति, रामस्वरूप रोहतास सैनी, नीरज प्रधान, सुनील आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे

# नजर आया चांद, ईद उल फितर आज

## नवरात्र व ईद की खरीदारी से रातभर गुलजार रहे बाजार

**एडीएम ने ईदगाह पहुंचकर लिया व्यवस्था का जायजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पिछले कई दिनों से बाजारों में खरीदारों की बढती भीड ने ईद उल फितर और चौत्र नवरात्रि पर्व आमद से बाजार रात भर गुलजार रहे। ईद का चांद नजर आते ही लोगों में खुशियां दोगुनी हो गई अधिकारियों ने ईदगाह पहुंचकर यहां की व्यवस्था का जायस लिया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने मुस्लिम उलेमाओं के साथ ईदगाह की व्यवस्था देखी और शासन की गइडलाइन के मुताबिक नमाज अदा करने के निर्देश दिए। बाजारों में हिंदू और मुस्लिम ग्राहकों की भीड़ ने भाईचारे की नई तस्वीर पेश की तो वहीं रमजान के साथ ही नवरात्र आने पर फलों के दामों ने तो मानो आसमां ही छू लिया। केला, नारियल, सेब और अन्य फलों पर रविवार को दाम तेजी से बढ़ते नजर आये।

30 मार्च 2025 से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो गई है, और उसी दौरान ईद–उल–फितर भी सोमवार को मनाई जाने की पूरी संभावना को देखते हुए बाजारों में हिंदू और मुस्लिम ग्राहकों की भारी भीड़ ने नया कौतूहल पैदा किया। इन दो बड़े त्योहारों के एक साथ आने से मुजफ्फरनगर के मुख्यालय सहित सभी नगर और कस्बों के साथ गांव देहात के बाजारों में रौनक छा गई है। सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है और दुकानदारों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा है।

कपड़ों, मिठाइयों, पूजा सामग्री और सजावटी सामानों की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोग उमड़ पड़े हैं। यह अनोखा संगम शहर में एक सांस्कृतिक और सामा. जिक एकता का दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।

पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के लिए बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं।



## ईद की नमाज का समय

**मुजफ्फरनगर।** शहर काजी तनवीर आलम ने ईद उल फितर की नमाज को लेकर समय निर्धारित कर दिया गया है।

ईदगाह में सुबह सात बजे सबसे पहले नमाज होगी। इसके बाद विभिन्न मस्जिदों में 7:15, 7:30 और 7:45 बजे तक अलग–अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह कमेटी और प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे समय से पहले अपनी निर्धारित मस्जिदों में पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करें। ईदगाह पर सुबह 7.00 बजे, मस्जिद फक्करशाह 7.15 बजे, मस्जिद पीरवाली मल्हूपुरा 7.15 बजे,मस्जिद लियाकतपुर चाड़ी गली लद्दावाला 7.15 बजे, मस्जिद हौजवाली सरवट गेट 7.15 बजे, मस्जिद हौजवाली खालापार 7.30 बजे, मस्जिद नुमाइश कैंप विकास भवन के सामने 7.30 बजे, मस्जिद मुहम्मदी पुजाये वाली रहमत नगर 7.45 बजे।

### ईदगाह का एक रास्ता बंद करने पर पुलिस पर भड़के हिंदू समाज के लोग

**बुढ़ाना।** पुलिस को उस समय जोर का झटका लगा जब पुलिस ने खुद ही ईदगाह में जाने वाला एक बड़ा मार्ग बेरिकेटिंग लगाकर बंद कर दिया। यह मार्ग किसके निर्देश पर किसलिए बंद किया जा रहा था यह तो पता नहीं लग पाया था पर इससे पहले मुस्लिम समाज में आक्रोश पनपता उससे पहले ही व्यापारियों के वरिष्ठ नेता राजेश संगल और डीसीडीएफ के पूर्व चैयरमेन सुबोध त्यागी ने मौके पर पहुंचकर पुलिस से नोंक–झोंक करते हुए बंद रास्ते को खुलवाकर मुस्लिम समाज के लोगों का दिल जीत लिया। यह रास्ता नयी तहसील के पीछे रहने वाले व्यापारी नेता राजेश संगल के घर की तरफ को होता हुआ ईदगाह की तरफ जाता है। कुछ ही देर बाद ईदगाह मार्ग बंद किए जाने की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर ईदगाह कमेटी बुढाना के प्रबंधक तोसीफ राही और जमियत उलेमा ए हिंद के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जिला मीडिया प्रभारी मुहम्मद आसिफ कुरैशी भी पहुंच गये और राजेश संगल और सुबोध त्यागी से पूरे मामले की जानकारी करते हुए इसके लिए उनको धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर एक दूसरे के सुख दुख में हम इसी तरह से पहुंच जाएं तो सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों का जीना हराम हो जाए। बुढाना पुलिस ने आखिर किसके आदेश पर यह मार्ग बंद किया इसकी चर्चा कस्बे में जोरों शोरों पर है। कुल मिलाकर बुढाना पुलिस के द्वारा बंद किए गये ईदगाह के एक बडे मार्ग को खुलवाने में हिंदू समाज के दो जिम्मेदार लोगों की जो भूमिका आज देखने को मिली उसके लिए पूरे कस्बे में दोनों लोगों की खूब प्रशंसा हो रही है। उधर पुलिस ने इस मामले में तर्क दिया है कि टैंट लगाने वाले को इस बात का पता नहीं था। इसी के चलते यह रास्ता बंद हुआ।

# ज्ञानस्थली स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर।** ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शैलपुत्री एवं सरस्वती की आराधना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

कक्षा नर्सरी से यू.के.जी. तक अशर, ऋषिक, तनिशा रानी, अद्विक सिडाना, अफसा, आरुष आलम, श्रेया गुर्जर और कनक चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 से 11 तक के विभिन्न वर्गों में अवि वर्मा, उत्कर्ष सैनी, नुवान नंदवानी, अरहान खान, वेदांशी सिंघल, भानु प्रताप, जुमाना, कुंज, अर्पण भारद्वाज, माधव नामदेव, आद्य काम्बोज, अनमोल, अवनी धीमान, ऋषिका सिंह, आराधी गुप्ता, अनन्या सिंह, वानी, निहारिका, मोहम्मद असद, श्रेया गुप्ता, आरध्या और पावनी ने अपने–अपने वर्गों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, कक्षा 5 से 9 तक प्रणव धीमान, प्लाक्षा मल्होत्रा, हनी सिंह, जसमीत, आरध्या चौधरी, नबिया, यशी गोयल, अलिश्बा अंसारी, गुरमन कौर, आदित्य कपासिया और रिया रानी ने पूरे सत्र में शत–प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित किया और उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि ईमानदारी से किया गया परिश्रम सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं से प्रतिस्पर्धा करते हुए सतत नैतिक और बौद्धिक विकास की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

विद्यालय के चेयरमैन बी.पी. सिंह, निदेशक रोहित कुमार और प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सत्र 2024–25 के सफल समापन पर विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शहर अध्यक्ष का स्वागत

**दोनों पदाधिकारियों ने मजबूत संगठन तैयार करने का दावा किया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस के नियुक्त जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया व शहर अध्यक्ष रंजन मित्तल ने कहा कि जिले में कांग्रेस अब वजूद में नजर आएगी। कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ किसी तरह का समझौता नहीं होगा और जनता से जुडे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कचहरी से अधिकारियों के आवास शिफ्ट करने और पालिका परिसर में कामर्शियल बिल्डिंग में पार्किंग स्थल बनाने के उनके सुझाव किसी ने स्वीकार नहीं




किया। उन्होंने 15 दिन में नई कार्यकारिणी गठित कर शहर में कांग्रेस का मजबूत संगठन खडा करने की बात कही। रेलवे रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया और शहर अध्यक्ष रंजन मित्तल का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि 15 दिन में शहर की कार्यकारिणी गठित करने के साथ अगले तीन माह में वार्ड और बूथ तक संगठन खडा किया जाएगा। उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका प्रयास रहेगा कि पहले कांग्रेस के पुराने बडे बुजुर्गों को साथ लेकर नए लोगों को जोडा जाएगा। जितने लोग अब दूसरे दलों में है, उनके पूर्वज पहले कांग्रेस में ही रहे हैं।

पूर्व सांसद सईदुज्जमा ने कहा कि समय बदलेगा और कांग्रेस के पक्ष में हवा बहेगी, क्योंकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नेतृत्व देश के तमाम वर्गों के लोगों को स्वीकार है। उनकी अगुवाई में देश और समाज का भला किया जा सकता है। कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश त्यागी, मुकेश शर्मा, शशिकांत शर्मा, गोपाल शर्मा, गीता काकरान मौजूद रही।

# जागरूकता सम्मेलन के रूप में मना स्थापना दिवस

**बोले- अति पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष, उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय अति पिछडा वर्ग संघर्ष मोर्चे के स्थापना दिवस टाउन हॉल मैदान में जागरूकता महा सम्मेलन के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया वही कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा कि मोर्चा अति पिछडा वर्ग की लडाई मोर्चा मजबूती से लड रहा है और जब से मोर्चे का गठन हुआ है मोर्चा अति पिछडों के हक की लडाई मजबूती से लड रहा हे जब तक हमें हमारे अधिकार नहीं मिलते हे चुप नहीं बैठेंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश दबंगों द्वारा अति पिछडों पर



अत्याचार व शोषण बढ रहा हे हत्या की जा रही है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा साथ ही मोहन प्रजापति ने कहा है दबंगों के शोषण के खिलाफ वह लठ पूजन करते हे शोषण करने वाले हमें लठ उठाने पर मजबूर न करे नहीं तो कितना भी दबंग हो भुस भर दिया जाएगा उन्होंने कहा है कि सरकार अति पिछडों पर हो रहे अत्याचारों को रो. कने के लिए कोई ठोस कदम उठायें। ओबीसी आरक्षण का बंटवाने का जल् काम करें ताकि आरक्षण का लाभ हर जाति को मिल सके महासम्मेलन की अध्यक्षता, जगदीश प्रजापति, सैनी कश्यप ने संयुक्त रूप से की संचालन ने किया महासम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया,वरिष्ठ नेता अंकित कश्यप, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामपाल पाल, डॉव राजवीर प्रजापति, सुशील प्रजापति अध्यक्ष, युवा नेता प्रदीप सैनी, शांता प्रकाश विश्वकर्मा, युवा जिला अध्यक्ष गौतम सैन, वरिष्ठ नेता रामनिवास प्रजापति एडवोकेट, प्रभारी सुखपाल कश्यप, वरिष्ठ नेता समित प्रजापति, मोदी प्रजापति प्रधान, सोमपाल प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, अजय सैनी, महासचिव सचिन प्रजापति, युवा संजीव कश्यप, जिला उपाध्यक्ष शाहिद झोझा, विपिन प्रजापति, वरिष्ठ नेता अरविंद सैनी, श्याम सुंदर प्रजा. पति,जिला उपाध्यक्ष विनेश कोरी, प्रभारी रजत प्रजापति, ख्रष्णपाल सैन, राजू वर्मा, बुलली सैन, अशोक प्रधान, अमित बंजारा, लालसिंह नायक,युवा नगर अधयक्ष यश सैनी,विजय पाल, वरिष्ठ नेता बसंत कश्यप, मनोज प्रजा. पति, विनोद प्रधान, सीताराम कश्यप, विनोद कश्यप, मनोज पाल प्रधान, यश सैनी आदि मौजूद रहे।

### नवयुवक ने जहर खाकर जान देने का किया प्रयास

**बुढ़ाना।** नवयुवक ने पत्नि से मामूली सी बात पर लड़ाई झगड़ा करते हुए घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर नवयुवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। कस्बे के कांधला रोड का निवासी लगभग 20 वर्षीय आरिफ अहमद नाम नवयुवक ने किसी घरेलू मामूली सी बात पर अपनी पत्नी से लडाई झगड़ा कर लिया। नवयुवक की पत्नी ने अपने पति को किसी बात पर डांट डपट दिया था तो बस इसी बात से क्षुब्ध होकर आरिफ अहमद ने आत्महत्या करने के उद्देश्य से चोरी छिपे घर में रखी किसी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने गंभीर हालत में आरिफ अहमद को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा छोटा भाई मनोज कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह मूल निवासी ग्राम भैंसी थाना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर, उसके गलत आचरण के कारण मैने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन या कानूनी वाद विवाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा या परिवार के अन्य सदस्यों का उससे कोई वास्ता मतलब नहीं है।

**विनोद कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह**
**निवासी- म.नं.155/32 हरिनगर, गली नं. 7 कंकरखेडा जिला मेरठ, मूल निवासी ग्राम भैंसी थाना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र मौ. तैमूर अन्सारी के जन्म प्रमाण पत्र सं. B-2018/9-90020-007468 दिनांक 17.11.2018 में गलती से पिता का नाम मतलूब अन्सारी अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक एवम सभी अभिलेखो में मेरा नाम मतलूब हसन अंसारी है और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बन्धित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मतलूब हसन अंसारी 543**
**चुंगी नं. 2. लद्धावाला, मुजफ्फरनगर उ.प्र.**

# चौकीदार को बंधक बनाकर बदमाशों ने बारात घर से उड़ाया लाखों का सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बेलड़ा गंग नहर किनारे स्थित राष्ट्रीय स्वयं संघ के अल्पसंख्यक वर्ग के प्रदेश संयोजक इरम अली जैदी के बारात घर मे घुसे बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बना लिया। और वहां रखे लाखों के कीमती सामान को ले गये। घटना को लेकर हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर डॉग स्कवायड व फॉरेनसिक टीम तथा सीसीटीवी कैमरो की सहायता से घटना की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा निवासी ईरम अली जैदी ने गांव के निकट ही कांवड़ मार्ग पर राजमहल बैंकट हॉल बनाया हुआ है।बेलडा निवासी अब्दुल करीम वहां चौकीदारी करता है।शनिवार की देर रात दो बदमाश बैंकेट हॉल में घुस गए और हथियारो के बल पर अब्दुल करीम को रस्सी से बांध दिया।अब्दुल करीम ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने तलाशी के दौरान उससे दस हजार रुपए छीन लिये और उससे सीसीटीवी कैमरे की की डी वी आर के बारे में पूछताछ की।बदमाशो ने बैंकट हॉल में रखे दो जेनरेटर को तोड़कर कीमती सामान को चोरी कर लिया।बदमाश सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी साथ ले गये। बदमाशों के जाने के बाद चौकीदार ने किसी तरह अपने आप को बंधनमुक्त किया और घटना की सूचना अपने बेटे आशु को दी। आशु द्वारा बैंकट हॉल के मालिक ईरम अली को घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद ईरम अली की सूचना पर आनन फानन में भोपा पुलिस डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट्स एक्सपर्ट के साथ मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी इरम अली ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



## अपराध से बेहाल हुई क्षेत्र की जनता

**भोपा।** क्षेत्र मे आपराधिक घटनाओ का सिलसिला लगातार जारी है। लूट,चोरी,डकैती, हत्या महिला व बाल अपराध की क्षेत्र मे बाढ़ आई हुई है।हाल के दिनों मे जेनरेटर का सामान चोरी करने की यह तीसरी घटना है। भोपा मे इलेक्टरीशन सजावट की दुकान सहित संघ पदाधिकारी के सर्विस स्टेशन व अब इरम अली के बैंकट हॉल मे हुई जेनरेटर के सामान की चोरी की घटना से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठे हैं।

## बदमाशों को थी बैंकट हॉल की पूरी जानकारी

बदमाशों को पता था बैंकट हॉल में लगे है 16 सी सी टी वी कैमरे पुरी जानकारी बदमाशों को थी बदमाशों ने चौकीदार से कहा कि पूरे बैंकट हॉल में 16 सीसी कैमरे लगे हुए हैं जिनमें हम आ चुके हैं इसलिए कैमरे तोड़ने जरूरी होंगे चौकीदार को अपने साथ ले जाकर एलसीडी रूम का गेट तोड़कर डी वी आर निकाल कर साथ ले गए चौकीदार द्वारा कुछ बदमाश बाहर भी थे चौकीदार से तार काटने के लिए पिलास मागा चौकीदार के मना करने पर बाहार खडे बदमाशो से दिवार के रास्ते तार काटने को पिलास लिया।

# सरकारी स्कूलों के 2602 विद्यार्थियों की आंखें कमजोर, लग गए चश्में

**अभिभावकों की लापरवाही तथा मोबाईल का शौक पड़ रहा है भारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कम उम्र में ही मोटे-मोटे लेंस के चश्में चढ़ने की बात कोई नई नहीं है, लेकिन इसके पीछे छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों की लापरवाही है। ताजा रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने जारी की है, जिसमें जनपद के 951 परिषदीय स्कूलों में वर्ष 2024-25 में लगे नेत्र जांच शिविर में कमजोर मिली आखों की पुष्टि हुई है। जनपद में 2602 छात्र-छात्राओं की आंखों में चश्में चढ़ हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ चश्मा चढ़ने वाले बच्चों के प्रति सावधानी नहीं बरतने पर नंबर बढ़ने की चिंता व्यक्त करते हैं।

जनपद स्तर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सभी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच के लिए कैंप लगाता है।

जिला अस्पताल सहित सीएचसी स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों के परिषदीय स्कूलों में कैंप लगाया गया, जिसमें पचास हजार से अधिक छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच कराई गई। वर्ष 2024-25 में लगे नेत्र जांच शिविर में कमजोर मिलने वाले छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग ने चश्में उपलब्ध कराए। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट पुष्टी करती है कि पूरे वर्ष 2602 छात्र-छात्राओं की आंखे कमजोर मिली, जिसके बाद विभाग ने उन्हें चश्में लगवाए गए। विभाग को चश्में उपलब्ध कराने के लिए लक्ष्य 2944 छात्रों का मिला था। एसीएमओ व अभियान की नोडल अधिकारी डा. दिव्या वर्मा बताती है कि वर्षभर यह अभियान चलता है, जिसकी मानिटरिंग सीएमओ कार्यालय से होती है, जिन बच्चों की आंखों कमजोर है, उन्हें विभाग की तरफ से चश्में मिलते है। समय-समय पर बच्चों की आंखों की जांच कर नंबरों को कम कराने के प्रयास रहते हैं।

# योगीराज प्रकाशानन्द महाराज हुए ब्रह्मलीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित महाशक्ति सिद्धपीठ आश्रम के संस्थापक 106 वर्षीय योगिराज प्रकाशानन्द महाराज का रविवार को देवलोक गमन हो गया। जिससे तीर्थ नगरी मे शोक की लहर दौड़ गयी। ब्रह्मलीन संत का आश्रम मे अंतिम संस्कार किया गया। दत्तक पुत्र चन्द्रमा बृहमचारी द्वारा मुखाग्नि दी गयी। भारी संख्या मे आश्रम पहुंचे श्रद्धालुओं ने नमन कर अंतिम दर्शन किये।

शुकतीर्थ मे स्थित महाशक्ति सिद्धपीठ के संस्थापक योगीराज प्रकाशानन्द महाराज पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वेदांता अस्पताल मे उनका उपचार चल रहा था। रविवार की सुबह उनका परलोक गमन हो गया। जिससे साधु संतो मे शोक की लहर दौड़ गयी। दत्तक पुत्र चन्द्रमा ब्रह्मचारी ने बताया की ब्रह्मलीन योगीराज प्रकाशानन्द महाराज मेरठ जनपद के गांव माछरा के निवासी थे 1996 मे उन्होंने साध्वी माताराज नंदेवरी के साथ आश्रम की नींव रखी थी। आश्रम मे ध्यान साधना कर उन्होंने सिद्धि प्राप्त की। अंतिम संस्कार मे भाई सतपाल राजवीर कंवरपाल भतीजे बिटू विन विपिन, साध्वी योगनंदनी के अलावा स्वामी विज्ञानन्द महाराज, श्रीधर महाराज,स्वामी सच्चीनानंद महाराज,विपिन महाराज, महकपाल प्रधान आनंदवेश महाराज गौरव दास साध्वी कांता, श्याम कश्यप, लोकेंद्र कश्यप, रॉबिनपाल,सोनू कश्यप रुड़की,संजीव कश्यप, जय भगवान कश्यप,अक्षय कश्यप, रमण गिरी महाराज हार्दिक उपस्थित रहे।




## कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज रविवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अटाली में आयोजित शक्ति केंद्र उकावली के बूथ नंबर 134, 124, 125, 126, 127, 132, 133, 134, 135 और 134 की बैठक भारतीय जनता पार्टी बुढाना के मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप ठाकुर रामनाथ सिंह चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक मुजफ्फरनगर भी शामिल हुए। जिन्होंने डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की विभिन्न उपलब्धियों, जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर जानकारी दी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चेत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष व आरएसएस के प्रथम सर संघचालक परमपूज्य केशवराव बलिराव हेडगेवार की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खतौली द्वारा नगर के सैकड़ो स्वयंसेवकों के साथ नगर में पथ संचलन निकाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राकेश प्रधानाचार्य विद्या मंदिर रहें और कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय नगर संघचालक एडवोकेट अशोक रहें। पथ संचलन ताराचंद शिवालय से शुरू होकर नगर के मुख्य मुख्य मार्ग से होकर वापिस शिवालय पर ही समाप्त हुआ। पथ संचलन में चमनलाल, चंद्रकांत, रमेश, विकास, पवन, प्रशांत,अनंत, अभिषेक, दीनदयाल, बाबूलाल, आलोक, अंकित, सीताराम, तनिष्क, प्रभात, संजय, संजय सनातन, विशाल, सतीश, प्रवीण ठकराल, वैभव जैन, सुधीश पुंडीर, गुरुदत्त अरोरा, ओम सिंह मोतला, कपिल नागर, अमित त्यागी सभासद, मोहित धारीवाल, नितिन भटनागर, ऋतिक वर्मा, सुनील वर्मा आदि सैकड़ो स्वयंसेवक उपस्थित रहें कार्यक्रम में टैगोर स्कूल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



## पथ संचलन में नहीं दिखाई दिए मंचासीन नेता

**खतौली।** रविवार को खतौली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा निकाले गए भव्य पथ संचलन में स्थानीय बहुत से नेता नही दिखाई दिए बता दे कि शनिवार को खतौली में भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में मंच पर जिलाअध्यक्ष और पूर्व मंत्री के साथ नेता विराजमान थे जो कि अपने को आरएसएस और भाजपा का सिपाही होने का दावा कर रहे थे। लेकिन ये नेता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पथ संचलन कार्यक्रम से नदारत दिखाई दिए।

# हनुमत जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में श्री हनुमत जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर बैंड बाजी के बीच धूमधाम से महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान चतुर्वेद पारायण, श्रीशतचण्डी, श्री रामाचार्य एवं श्री हनुमत महायज्ञ का भी आयोजन किया गया।

हनुमत धाम में श्री राम आध्यात्मिक प्रन्यास के तत्वावधान में आचार्य दिवाकर वशिष्ठ द्वारा प्रायश्चित प्रयोग, पंचाग पूजन एवं जल यात्रा कार्यक्रम शास्त्रीय विधि से संपन्न कराया। इसके बाद वास्तु पीठ, मंडप पूजा, योगिनी पीठ, क्षेत्रफल पीठ के देवताओं का स्थापन पूजन के साथ वृहद गौरी तिलक मंडल देवताओं का सविधि समर्चन संपादित किया गया। महामण्डलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान आरके टंडन पत्नी मधु टंडन, जिया लाल गोयल पत्नी सुनीता गोयल, स्वदेश पाठक पत्नी संध्या पाठक, शिव कुमार पत्नी कमलेश रहे। आचार्य राजीव मिश्रा, देवेंद्र, आशीष, मोहित, किशन पांडेय आदि ने वेदी पूजन किया। इसके बाद बैंड बाजों के बीच कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें अनेक महिलाओं ने कलश के साथ भाग लिया। यात्रा की व्यवस्था में धाम के स्वामी आनन्द स्वरूपानन्द सरस्वती व स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती , मैनेजर राजीव गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, आशुतोष अग्रवाल, सुभाष आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया वार्षिक परीक्षाफल समारोह

**मुजफ्फरनगर।** पीटी उषा इंटर कॉलेज तितावी में छात्राओं का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष रणधीर सिंह जी प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह जी उप प्रबंधक डॉक्टर संजीव जी प्रधान अरविंद सिंह जी प्रधान राजबल सिंह जी सदस्य राजेंद्र सिंह जी नरेंद्र सिंह जी विद्यालय के अधिशासी समन्वयक प्रवीण कुमार पुंडीर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती उषा सिंह जी एवं छात्राओं और अभिभावकको ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कियाइस अवसर पर बोलते हुए अतिथियों ने बतलाया की आज का आज का युग प्रतियोगिताओं का युग है इसलिए छात्राओं को अधिक से अधिक मेहनत करनी चाहिए कक्षा 12 के पश्चात कुछ छात्राएं ट्रेडिशनल कोर्स में दाखिला लेती हैं कुछ छात्राएं प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला लेती हैं अत: हमें उसके लिए कक्षा 6 से ही तैयारी करनी चाहिए की कौन सी विधा में हम अपना करियर बनाना चाहती हैं विद्यालय की शिक्षा के बाद इंजीनियरिंग डॉक्टर एड. अकाउंटेंट चार्टर्ड अकाउंटेंट वैज्ञानिक साइंटिस्ट रिसर्च स्कॉलर प्रोफेसर टीचर कृषि वैज्ञानिक एवं अनेक क्षेत्र में सुनहरा अवसर प्राप्त हो सकता है परंतु इसके लिए अथक प्रयास की आवश्यकता है। अभिभावक को इस अवसर पर बताया गया की अच्छी शिक्षा एवं चरित्र निर्माण के लिए विद्यालय में छात्राओं को प्रवेश के लिए भेजें विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के कार्यक्रम भी विशेष रूप से संचालित किए जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन शारदा ने किया इस अवसर पर सैकड़ो अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित हुए।




# आर्य समाज स्थापना दिवस नव संवत्सर एवं विक्रम संवत का पर्व मनाया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** इस अवसर पर आर्य समाज के जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने कहा की चौत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है इस दिन नव सृष्टि संवत विक्रम संवत शक संवत आर्य समाज का स्थापना दिवस मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का राज्याभिषेक दिवस आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार का जन्म दिवस मनाया जाता है। आर्य समाज राष्ट्रीय चेतना का अग्रदूत एवं समाज का सजग प्रहरी है इसकी स्थापना महर्षि दयानंद ने आज ही के दिन सन 1875 में मुंबई काकरवाड़ी में की थी। इससे पूर्व नववर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस के मंत्रों से वैदिक यज्ञ किया गया जिसमें प्रधान जगदीश सिंह यजमान रहे। कार्यक्रम के पश्चात सत्येंद्र आर्य ने उपस्थित सभी लोगों को देश हित में कार्य करने का संकल्प दिलाया और आर्य समाज की गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ने का आवाहन किया। कार्यक्रम में पंडित रामदेव शास्त्री अजेश आर्य भगवान सिंह धीरेंद्र आर्य अरुण आर्य मास्टर जयपाल सिंह चरण सिंह रण सिंह सुशील आर्य प्रवीण आर्य पुरु आर्य देवदत्त आर्य राजेंद्र खारी पूर्व स्टेशन अधीक्षक रामानंद आर्य दीपक आर्य एवं अनिल आर्य उपस्थित रहे।



## परशुराम जयंती को लेकर बैठक का आयोजन

**मीरापुर।** ब्राह्मण धर्मशाला और परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट, पड़ाव चौक, मीरापुर में परशुराम जयंती को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस सभा के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कुमार अन्ना रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद भूषण ने किया, जबकि सुधीर कुमार शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परशुराम जयंती के आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। सभा में सभी ने एकजुट होकर इस उत्सव को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में गोरव भूषण, विशाल शर्मा, संजय शर्मा, अजय मोहन शर्मा, हरिशंकर शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. गौतम शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा, ख्रष्ण मोहन शर्मा, विनोद कुमार वत्स, प्रभात शर्मा और कमल आर्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि परशुराम जयंती के तहत विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्र सेविका महिला संगठन की बहनों ने मनाया धूमधाम से हिंदू नववर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू नववर्ष अर्थात नव संवत्सर 2082 के उपलक्ष में राष्ट्र सेविका समिति, लक्ष्मीनगर की बहनों ने शिव चौक व बाला जी चौक पर भगवान महादेव , रामचंद्र जी व हनुमानजी की आरती घंटे घड़ियाल के साथ करते हुए विश्व कल्याण की भावना से पूजा अर्चना की। सभी बहनों ने दीप प्रज्वलन करके नववर्ष पर समस्त हिंदू समाज को शुभकामनाएं दी और प्रार्थना की, कि यह नव वर्ष हमारे देशवासियों के लिए हिंदू धर्म के लिए मंगलमय हो और प्रकाश मय हो एवं सभी ने आपस में अपने जिले का नाम लक्ष्मी नगर बोलने लिखने में प्रयोग करने की सभी नगर वासियों से प्रार्थना की स इस मंगलमय उत्सव में डॉ अरुणा, नीति, अलका, प्रीति, अंशु, सुशील, प्रेरणा, पिंकी , भावना, सुचित्रा, अग्रिमा, सजल आदि कई बहनें उपस्थिति रही।



# शाहपुर में आर एस एस ने चौत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव मनाया

**शाहपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा शाहपुर द्वारा सिद्धपीठ गोकुला देवी मंदिर के सभागार में रविवार को नव विक्रमी संवत हिन्दू नववर्ष 2082 बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल ने बौद्धिक के दौरान स्वयंसेवकों को वर्ष प्रतिपदा उत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ के छह प्रमुख उत्सवो में वर्ष प्रतिपदा पहला उत्सव है। ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण इसी तिथि को प्रारंभ किया था। भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक व धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक इसी तिथि को हुआ था। महाराज विक्रमादित्य के द्वारा विक्रम संवत इसी तिथि को शुरू किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म आज ही के तिथि को हुआ था। संत झूलेलाल जयंती इसी तिथि को मनायी जाती है। इसलिए चौत शुक्ल प्रतिपदा का बड़ा ही महत्व है। इस दौरान सभी स्वयंसेवक ने एक दूसरे को गले मिलकर नव संवत्सर की शुभकामनाऐ भी दी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. मोहित शर्मा, अनमोल बंसल, विशाल सैनी, अर्जुन सैनी, शिवाजी पाल, आलोक वर्मा, विशु सैनी, विवेक कुमार, अनमोल वर्मा, वासु सिंघल, देव गोयल, हर्षित सैनी, आदित्य सैनी, सक्षम सैनी, लक्ष्य सैनी, आयुष जिंदल,सागर शर्मा, अर्जुन गोयल, थवनेश, यश, रूद्र, भव्य, लविस, वासु आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### बुढ़ाना में विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज का तय वक्त

**बुढ़ाना।** जमियत उलेमा ए हिंद शाखा बुढाना के नगर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बुढ़ाना कस्बे की विभिन्न मस्जिदों में नमाज का समय इस तरह से है। जिसमे बुढ़ाना कोतवाली की तरफ स्थित दारुल उलूम अजीजिया मुस्तफा मस्जिद में सुबह सवा 07 बजे, अक्सा मस्जिद में साढ़े 07 बजे, ईदगाह परिसर, चंधेडी रोड पर स्थित जामिया इस्लामिया मदरसा और लुहसाना रोड पर स्थित मदीना मस्जिद में सुबह 08 बजे, इमली वाली मस्जिद और कर्बला रोड पर स्थित सितारा मस्जिद में सुबह 8रू05 बजे, लुहसाना रोड पर स्थित सितारा मस्जिद, भारत टाकीज के समीप चंधेडी रोड स्थित नूरानी मस्जिद और करबला रोड पर स्थित एक मीनारा मस्जिद में सुबह 8रू15 बजे, मक्का मस्जिद औरघ मोतिया मस्जिद में सुबह 8रू20 बजे, पीर शाह विलायत मस्जिद, लुहसाना रोड पर स्थित कैंत वाली मस्जिद और नई बस्ती के पास स्थित भटे वाली मस्जिद में सुबह 8रू30 बजे, जामा मस्जिद और इब्राहीमी मस्जिद मे सुबह 8रू45 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की जाएगी। समय पांच या दस मिनट का लेट हो सकता है। पूरे कस्बे और क्षेत्र में डेढ़ घंटे में सब मस्जिदों में नमाज अदा हो जाएगी। इसलिए सभी मोमीन समय का ख्याल रखें।

### आने वाला समय ई-वाहनों का है : कपिल देव



**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी स्थित अग्रवाल एसोसिएटस प्रतिष्ठान पर भूमि ड्राइव इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का भव्य शुभारंभ राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, भूमि ऑटोमोबाइल्स के एमडी रकम सिंह राणा ने फीता काटकर किया, शोरूम के स्वामी विनोद सिंहल, विपिन सिंहल, विजय अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत पटके पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर किया, शोरूम से जुड़े विपिन सिंहल ने बताया की भूमि इलेक्ट्रिक स्कूटर ग्राहकों के लिए सस्ते रेट पर उपलब्ध कराई गई है जिसके 11 वेरिएंट मार्केट में उपलब्ध है उन्होंने बताया कि उनके शोरूम पर इलेक्ट्रिक स्कूटर पर फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है , यह इलेक्ट्रिक स्कूटर महिलाओं एवं बुजुर्गों को ध्यान में रखते हुए हल्के वजन, सुंदर डिजाइन एवं आकर्षक रंगों मे बनाई गई है, इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय तायल, सुरेंद्र बंसल, योगेश कुमार भगत, पुरुषोत्तम सिंघल, सत्य प्रकाश मित्तल, लाला राम. निवास मित्तल, शरद गोयल बंटी, गिरिराज महेश्वरी, राजेश गोयल, मनमोहन मुंदडा, पुलकित गुप्ता, श्याम सिंह सैनी, संजय मिश्रा, पूजा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, रुचि सिंघल, वीना रानी सिंघल, मनी जैन, रितु खंडेलवाल, रितिका बंसल, गौरी जिंदल आदि उपस्थित रहे।

### चैत्र अमावस्या पर हुआ पूजन हवन कार्यक्रम

**बुढ़ाना।** चौत्र अमावस्या पर बुढाना कस्बे मे भण्डारे का आयोजन किया गया। बुढाना में चौत्र अमावस्या पर देव पितरों पर शाहमल परिवार ने पंडित गुरुदत्त के द्वारा पूजन और हवन कराते हुए पंडितो को भोजन कराया और उनको दान दक्षिणा देते हुए वस्त्र भी दान किये। चौत्र मास की शनि अमावस्या के उपलक्ष्य में मंदिरों में श्रद्धालुओं का आगमन दोपहर को ही प्रारंभ हो गया था। जिसके चलते मंदिर परिसर फुल हो गए थे। श्रद्धालुओं ने पंडितों से भगवान सत्यनारायण की कथा सुनकर दक्षिणा दी। इससे पहले दिवंगत परिजनों की आत्मा शांति और मोक्ष प्राप्ति की ईश्वर से कामना की गयी। फिर भंडारा कर प्रसाद भी बांटा गया।घ चौत्र अमावस्या के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं की भीड़ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुढाना पुलिस भी पूरी तरह से चौकन्नी रही। इस अवसर पर एक अन्य स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से लाला रामदयाल, श्याम बिहारी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, प्रभात संगल, शिव नंदन, दिनेश संगल, सुशील, मनोज, राकेश आढती, सभासद अजय संगल, प्रवीण संगल और नन्द किशोर संगल आदि संगल परिवार मोके पर उपस्थित रहा।

### घर घर जैन ध्वज बोर्ड अभियान चलाया

**खतौली।** भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महामहोत्सव के उपलक्ष में जैन एकता क्रांतिकारी मंच युवा मोर्चा खतौली द्वारा घर घर जैन ध्वज बोर्ड अभियान के अंतर्गत आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज के सानिध्य में कस्बे में प्रत्येक जैन व्यक्ति के घर पर जैन ध्वज बोर्ड लगाया जा रहा है । इस अभियान की शुरुआत प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म व तप कल्याणक के दिन 23 मार्च को सकल जैन समाज खतौली के अध्यक्ष सुशील जैन जैन मंडी के आवास से की गई थी। मंच के मीडिया प्रभारी अनुज जैन एडवोकेट ने बताया कि कस्बे के प्रत्येक गली मौहल्ले में खतौली जैन समाज द्वारा मंच का स्वागत व सम्मान बहुत ही धूम धाम से किया जा रहा है। इस अभियान में मंच के अध्यक्ष मुकुल जैन, महामंत्री विकास जैन, कोषाध्यक्ष जतिन जैन, सौरभ जैन टीकरी वाले, अपार जैन, अनुज जैन एडवोकेट, हर्षित जैन, नमन जैन, हर्ष जैन, सौरभ जैन, आगम जैन दादरी, आगम जैन, संभव जैन, ऋषभ जैन जैन नगर, वासु जैन मुखिया, अर्पण जैन, पारस जैन किरयाना, हर्ष जैन होली चौक, शुभम जैन, पारस जैन रेडीमेड, तरंग जैन, संयम जैन पहनावा , संयम जैन औषधि, अनुज जैन ज्वालागढ, सिद्धार्थ जैन, नित्यम जैन, पारस जैन एबीवीपी, तुषार जैन, ऋषभ जैन अरिहंत, अभय जैन, सम्यक जैन, हैप्पी जैन आदि सभी कार्यकर्ता बड़ी मेहनत और लगन से इस अभियान को पूरा करने में दिन रात लगे हुए हैं।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारतीय नव वर्ष मनाया

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के काफी कार्यकर्ताओ ने भारतीय नव वर्ष पर एक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। जिसमें कस्बे के ब्लाक परिसर के शिव मंदिर पर कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश में एकत्र हुए। उस दौरान प्रार्थना कर विश्व शांति की कामना की गई। मुख्य वक्ता सेवा भारती के विभाग संयोजक श्रीकृष्ण ने कहा कि संघ वर्ष प्रतिपदा पर कार्यक्रम कर रहा है। आज लोग अपनी तिथियों को भुलाकर अंग्रेजी कैलेंडर की तिथि को याद रखते हैं। अपने हिन्दू धर्म की मान्यता और तिथियां वैज्ञानिक ख्रष्टिकोण से भी सही मानी गई हैं। उन्होंने घर परिवार में अपने धर्म के इतिहास व मान्यताओं को युवा पीढ़ी को भी अवगत कराने का भी आ]वान किया। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से रविन्द्र जैन, प्रवीण कुमार, डक्क्क्टर रणवीर, सौरभ अग्रवाल, अभिषेक गोयल, कुलदीप कुमार और धीरेंद्र प्रताप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं ईद का पर्व : सीओ

**बुढ़ाना।** सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल आनंद देव मिश्र ने बताया कि सभी मुस्लिम भाई ईद उल फितर पर सरकार द्वारा जारी की गयी गाइडलाइन्स का पालन करें। सड़क पर कोई भी नमाज ना पढ़े और अगर वो ईदगाह में आ गया हैं और जगह नहीं है तो वह तुरंत नजदीकी मस्जिद में पहुंचकर ईद की नमाज अदा करे। सभी पुलिस और प्रशासन का सहयोग करते हुए किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें और अगर कोई अफवाह उड़ती भी है तो हमें तुरंत सूचित करें। नमाज के बाद कहीं पर भी जमावड़ा ना करें। किसी को कोई दिक्कत हो तो हमें तुरंत बताएं। एक दूसरे पर कोई भी किसी भी तरह की छींटाकशी ना करें। कहीं पर अगर आपको कोई भी भ्रामक सूचना मिलती है तो उसको किसी से शेयर ना करें बस हमें बताएं। सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट और कमेन्ट करने से बचें। ईद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चांदरात को जमकर हुई बाजारों में खरीदारी, ईद आज









**शाह टाइम्स संवाददाता**

फोटो-9,10,11,12

**शामली।** ईद उल फितर की पूर्व संध्या पर बाजारों में खरीदारों की भारी भीड रही। ईद के मौके पर बंपर खरीदारी होने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। बाजारों में देर रात्रि तक बाजार गुलजार रहे और रेडमेंट, कॉस्मैटिक, कपडा, जूता, श्रृंगार का सामान आदि की दुकानों पर खरीदारी की गई। ईद पर बनने वाली खास डिस शीर को लेकर ड्राईफूट की भी जमकर खरीदारी हुई।ईद-उल-फितर का पर्व सोमवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने रविवार को सभी तैयारियां पूरी की। सुबह से ही लोग तैयारियों में लगे रहे। महिलाओं और पुरुषों ने वैसे तो सुबह से ही खरीदारी शुरू कर दी थी, लेकिन दोपहर बाद बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। महिलाओं की सबसे अधिक भीड़ कास्टमेटिक की दुकानों पर देखने को मिली। इसके अलावा किरयाना, शूज, गारमेंट, बेकरी, कन्फैक्शनरी की दुकानों पर भीड़ लगी रही। ईद की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार रहे। बाजारों में चहल-पहल और रौनक बनी रही। शहर के बड़ा बाजार, नया बाजार, सुभाष चौक, गांधी चौक, कबाड़ी बाजार, आजाद चौक, कलंदरशाह, नेहरू मार्केट देर रात तक खुले। लोग कपड़े, जूते, सजावट के सामान से लेकर ड्राई फूट और सेवई की खरीददारी करते दिखाई दिए।

**सिवइयों के लिए रही दूध की मारामारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद उल फितर के मद्देनजर दूध को लेकर भी मारा मारी मची रही। भीषण गर्मी के कारण दूध की कमी रही। हालाकि ब्रांडेट कंपनियों द्वारा दूध पर कोई पैसा नही बढाया गया। वही दूधियाओं ने मनमाने तरीके से 70 से लेकर 75 रूपये लीटर तक दूध बेचा गया। ईद के मौके पर दूध की डिमांड के चलते घरों में दूध नही पहुंच सका।ईद उल फितर के मौके पर दूध की भारी किल्लत देखने को मिली। हालाकि ब्रांडेड कंपनियों द्वारा दूध की कमी को पूरा करने में काफी सहएाग दिया गया। जिले में करीब 3600 कुंटल दूध केवल कंपनियों का ही बिका। मधु सूदन कंपनी के सीएनएफ अवध संगल ने बताया कि मधु सूदन का करीब 36 हजार किलो दूध ईद के मौके पर बिका है। सामान्य तौर पर चल रहे दूध का रेट 68 रूपए लीटर की दूध का मूल्य रहा। इस त्यौहार पर दूध की अधिक खपत होने के कारण दूधियों ने 70 से 75 रूपए तक दूध बेचा है। बताया गया है कि गर्मी के कारण शहर में बर्फ आदि लगाकर दूध को स्टोर किया गया है। शहर में दूध की कमी न हो इसके लिए शहर के रेलवे रोड स्थित मधुसूधन के सीएनएफ अवध संगल ने लाखों लीटर दूध मंगवाया गया था। जिलेभर में करीब 4800 कुंटल दूध की खपत हुई है।

**मस्जिदों में ईद की तैयारी, साफ सफाई की गई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद उल फितर की नमाज को लेकर मस्जिदों में साफ सफाई अभियान चलाया गया। शहर के कैराना रोड स्थित ईदगाह में नगर पालिका कर्मियों ने पहुंचकर साफ सफाई की और कली चूना डाला गया।ईद उल फितर के पर्व को लेकर मुस्लिम मौहल्लों व कालोनियों में रविवार को चहल पहल रही। मुस्लिमों ने अपने घरों में साफ सफाई की और मकानों को रंग बिरंगी लाईटों से सजाया। ईद के मौके पर होने वाली ईद की नमाज की तैयारियों को लेकर जहां जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुटा रहा। वही जिलेभर की मस्जिदों व आसपास साफ सफाई अभियान चलाया गया। जमीअत उलेमा-ए हिन्द के पदा. धिकारियों ने मस्जिदों के आसपास साफ सफाई की और कूडा करकट उठाते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा नगर पालिका के सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने ईद के मौके पर शहर के कैराना रोड स्थित ईदगाह में साफ सफाई की। उन्होने कली चूना डालते हुए लोगों को ईद की मुबारकबाद पेश की।



**त्योहारों को लेकर बैठक करते नप अध्यक्ष।**

**ईद और नवरात्र को लेकर सफाई नायक दिखे मुस्तैद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद उल फितर और चैत्र नवरात्रों पर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर चेयरमैन अरविन्द संगल ने सफाई नायकों की बैठक आयोजित कर साफ सफाई के दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि नवरात्रों के मौके पर सुबह शाम देवी मंदिरों में साफ सफाई होगी तथा गेट पर कली चूना डाला जाएगा। साथ ही ईद पर मस्जिदों व ईदगाह पर साफ सफाई की जाए।रविवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने त्यौहारो के मददेनजर नगर पालिका कार्यालय पर सफाई नायकों की बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि रविवार से चौत्र नवरात्र प्रारंभ हो गए है। साथ ही मंदिरों के बाहर कली चूना डाला जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी की समस्या का सामना न करना पडे।

इसके अलावा सोमवार को ईद उल फितर का त्यौहार पड रहा है, जो मुस्लिमों का प्रमुख त्यौहार है। ईद के मौके पर शहर की सभी मस्जिदों के बाहर साफ सफाई की जाए। ईदगाह में साफ सफाई की जाए और कली चूना डाला जाए, जिससे नमाजियों को परेशानी न हो। उन्होने सफाई नायकों को हिदायत दी कि सफाईकर्मी के स्थान पर कोई बाहरी व्यक्ति कार्य न करे। सभासदों से तालमेल कर साफ सफाई व्यावस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक आदेश सैनी, लिपिक लक्ष्मण सिंह, सफाई नायक राजन पहिवाल, प्रदीप मायूस, प्रदीप चावला, जोगेश पहिवाल, दीपक चंद्र, धर्मेंद्र कुमार, जाकिर हुसैन, दीपक बिरला, मनीष कुमार, मोहम्मद हाशिम, अश्वनी तेश्वर, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## ईद की नमाज का वक्त

| मस्जिद | समय |
|---|---|
| ईदगाह कैराना रोड | 7:30 बजे |
| मुहम्मदी मस्जिद सलेक विहार | 7:00 बजे |
| कुरैशियान मस्जिद, काजीवाडा | 7:35 बजे |
| मस्जिद फतेहपुरी पंसारियान | 8:00 बजे |
| मस्जिद गढीवाली फव्वारा चौक | 7:45 बजे |
| अक्शा मस्जिद पंसारियान | 7:30 बजे |
| कलंदरशाह मस्जिद | 7:40 बजे |

## त्योहारों के मद्देनजर एसपी ने दिए व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के निर्देशन में आगामी त्यौहारों जैसे ईद-उल-फितर और नवरात्रि के मद्देनजर शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ करने के लिए संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, नवनिर्मित रिजर्व पुलिस लाइन शामली के परेड ग्राउंड में दंगारोधी उपकरणों के साथ मॉक बल्वा ड्रिल, दंगारोधी ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण और प्रभावी तरीके से भीड़ नियंत्रण के उपायों का अभ्यास किया। ड्रिल में विभिन्न दंगारोधी उपकरणों का इस्तेमाल किया गया और पुलिस बल की तत्परता और प्रतिक्रिया समय की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने कहा कि इस तरह के अभ्यास से पुलिस बल को किसी भी स्थिति में तत्पर और तैयार रहने में मदद मिलेगी, ताकि त्यौहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने आगे बताया कि त्यौहारों के दौरान शांति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, और लोगों को सुरक्षा की पूरी गारंटी दी जाएगी। यह ड्रिल शामली पुलिस की पूरी तैयारियों को दर्शाता है और नगरवासियों को यह आश्वासन देता है कि पुलिस किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। इस अवसर पर एएसपी संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चैत्र नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेककर सुख समृद्धि की कामना की। पहले नवरात्र पर माता दुर्गा के नौ स्वरूपों में से मां शैलपुत्री की पूजा की गई। भक्तों ने पहले दिन माता का व्रत रखकर उपासना की।रविवार को चौत्र के नवरात्र के पर्व के साथ हिन्दू नववर्ष की भी शुरूआत हुई। इसके साथ ही सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नवरात्र महापर्व के पहले दिन कलश स्थापना को ले जहां घर-घर में पूजा पाठ शुरू हो गया। दुर्गा मंदिरों में वैदिक विधि विधान से कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की। नवरात्र के पहले दिन शहर के मंदिर हनुमान धाम स्थित दुर्गा मंदिर, सब्जी मंडी स्थित अटठे वाला दुर्गा मंदिर, राजो मौहल्ला स्थित चौदस वाला दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। पहले दिन मां दुर्गा को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है।

## जुए के अड्डे पर मारा छापा किए, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** थाना क्षेत्र की गढ़ी अब्दुल्ला खा चौकी प्रभारी गौरव चौहान ने शनिवार रात गश्त के दौरान कच्चीगढ़ी में छापा मारकर चार लोगों को जुआ खेलते पकड़ा।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुशील ग्राम जाफरपुर, संदीप, अमित और शाहिद निवासीगण गढ़ी अब्दुल्ला खा शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते और 2010 रूपये नगद बरामद किए। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे: विनीत शारदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत शारदा ने कहा कि व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा,व्यापारी भाजपा की आत्मा है और शामली के व्यापारियों की आवाज को प्रदेश के मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचा कर न्याय दिलवाया जाएगा। उन्होने एसपी से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं का हल निकालने की मांग की।

रविवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत शारदा व्यापारी नेता अंकित गोयल के साथ गांधी चौंक स्थित व्यापारियों के बीच पहुंचे, जहां दुकानदारों ने सीओ सिटी पर अभद्रता करने और शोषण करने का आरोप लगाया। विनीत शारदा ने जिला प्रशाशन को चेताया कि व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले अधिकारी औरंगजेब ओर बाबर की मानसिकता छोड़ दे। समाज वादी की मानसिकता रखने वाले अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न करना बंद करदे। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में व्यापारियों का अनहित नहीं होने दिया जाएगा। ऐसा विश्वास दिलाता हूं राष्ट्र मेरा धर्म है पार्टी मेरी मां है तो व्यापारी मेरी आत्मा है। अपनी आत्मा की भविष्य को कुचलने नहीं दिया जाएगा। अगर उन्हें व्यापारी के साथ किसी भी हद तक उन्हें खड़ा होना पड़ेगा वो पीछे नहीं हटेंगे। कहा कि व्यापारी के एक एक पसीने के बूंद के साथ उनके शरीर की एक एक खून की बूंद व्यापारी के हित काम आएगी।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में व्यापारी भयभीत था। रंगदारी, चौथ वसूली से व्यापारी तंग था, लेकिन आज व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रदेश में आज गुंडाराज पूरी तरह से बंद है।उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराया जाना उनके फर्ज बनता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के जिला मंत्री व व्यापारियों की आवाज उठाने वाले विवेक प्रेमी के खिलाफ यदि कोई गलत कार्यवाही की है तो उसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। इसके बाद उन्होने भाजपा नेता विवेक प्रेमी के परिजनों से भी मुलाकात की। साथ ही एसपी से वार्ता करते हुए व्यापारियाों की समस्याओं का जल्द समाधान निकालने का आहवान किया। इस अवसर पर व्यापारी ने अंकित गोयल, अनुराग जैन, राहुल गोयल, सतीश संगल, प्रियांश अग्रवाल, रविन्द्र गर्ग आदि मौजूद रहे।

**ग्राम पंचायत पंजीठ विकास खण्ड कैराना जनपद शामली।**

पत्रांक 01 दिनांक 30/3/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत पंजीठ विकास खण्ड कैराना जनपद शामली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे पंचम वित्त /15वाँ वित्त / मुख्यमंत्री पुरूस्कार मनरेगा एवं अन्य योजना अर्न्तगत होने वाले निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे- बालू रेत, मिटटी भराव कार्य, ईट, सीमेंट, कोरसेंट, सरिया, रोडी, डस्ट, पक्की रोडी, इण्टर लांकिग टाईल्स, फलोर वॉल टाईल्स 2, स्ट्रीट लाईट (स्थापना व मरम्मत) सोलर लाईट (स्थापना व मरम्मत) 3. बैंच (सीमेंट) 4. टंकी फिटिंग 5. हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर 6. फर्नीचर (स्कूल, आगनवाडी केन्द्र, पंचायत घर आदि) 7. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री। 8. वाल पेंटिंग, फलेक्सी, यूनिपोल, 9. स्टेशनरी कम्प्यूटर उपकरण, डस्टबीन, लैपटॉप, कैमरा व प्रिंटर व आपरेटर। 10. चैनर, दरवाजे खिडकी आदि फैबरीकेशन 11. कोरोना से बचाव सम्बन्धी सामग्री 12. साफ सफाई हेतु सामग्री व उपकरण 12. ओपन जिम, लाईब्रेरी 13. पाईप लाईन हेतु पाईप 14. ई-रिक्शा फोगिंग मशीन 15. वाटर कूलर क्रय आदि पंचायत भवन मे जनसेवा केन्द्र तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे कार्यलय पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से निविदाए 02.04.2025 को समय पूर्वाहन 12 बजे तक आमंन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रित निविदाए 15.04.2025 को 3 बजे पंचायत कार्यलय पर खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क दिनांक 12.04.2025 को 11 बजे तक पंचायत कार्यलय पर से प्राप्त किए जा सकते है। सम्बन्धित कार्य के लिए आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

अखलाक
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत पंजीठ
विकास खण्ड कैराना (शामली)

**सचिव**
ग्राम पंचायत पंजीठ
विकास खण्ड कैराना
(शामली)

**ग्राम पंचायत कण्डेला विकास खण्ड कैराना जनपद शामली।**

पत्रांक 01 दिनांक 30/3/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कण्डेला विकास खण्ड कैराना जनपद शामली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे पंचम वित्त/15वाँ वित्त / मुख्यमंत्री पुरूस्कार मनरेगा एवं अन्य योजना अर्न्तगत होने वाले निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे- बालू रेत, मिटटी भराव कार्य, ईट, सीमेंट, कोरसेंट, सरिया, रोडी, डस्ट, पक्की रोडी, इण्टर लांकिग टाईल्स, फलोर वॉल टाईल्स 2, स्ट्रीट लाईट (स्थापना व मरम्मत) सोलर लाईट (स्थापना व मरम्मत) 3. बैंच (सीमेंट) 4. टंकी फिटिंग 5. हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर 6. फर्नीचर (स्कूल, आगनवाडी केन्द्र, पंचायत घर आदि) 7. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री। 8. वाल पेंटिंग, फलेक्सी, यूनिपोल, 9. स्टेशनरी कम्प्यूटर उपकरण, डस्टबीन, लैपटॉप, कैमरा व प्रिंटर व आपरेटर। 10. चैनर, दरवाजे खिडकी आदि फैबरीकेशन 11. कोरोना से बचाव सम्बन्धी सामग्री 12. साफ सफाई हेतु सामग्री व उपकरण 12. ओपन जिम, लाईब्रेरी 13. पाईप लाईन हेतु पाईप 14. ई-रिक्शा फोगिंग मशीन 15. वाटर कूलर क्रय आदि पंचायत भवन मे जनसेवा केन्द्र तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यलय पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से निविदाए 02.04.2025 को समय पूर्वाहन 12 बजे तक आमंन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रित निविदाए 15.04.2025 को 3 बजे पंचायत कार्यलय पर खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क दिनांक 12.04.2025 को 11 बजे तक पंचायत कार्यलय पर से प्राप्त किए जा सकते है। सम्बन्धित कार्य के लिए आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

मोना देवी
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत कण्डेला
विकास खण्ड कैराना (शामली)

**सचिव**
ग्राम पंचायत कण्डेला
विकास खण्ड कैराना (शामली)

**ग्राम पंचायत टिटोली विकास खण्ड कैराना जनपद शामली।**

पत्रांक 01 दिनांक 30/3/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत टिटोली विकास खण्ड कैराना जनपद शामली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे पंचम वित्त /15वाँ वित्त / मुख्यमंत्री पुरूस्कार मनरेगा एवं अन्य योजना अर्न्तगत होने वाले निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे- बालू रेत, मिटटी भराव कार्य, ईट, सीमेंट, कोरसेंट, सरिया, रोडी, डस्ट, पक्की रोडी, इण्टर लांकिग टाईल्स, फलोर वॉल टाईल्स 2, स्ट्रीट लाईट (स्थापना व मरम्मत) सोलर लाईट (स्थापना व मरम्मत) 3. बैंच (सीमेंट) 4. टंकी फिटिंग 5. हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर 6. फर्नीचर (स्कूल, आगनवाडी केन्द्र, पंचायत. घर आदि) 7.विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री। 8. वाल पेंटिंग, फलेक्सी, यूनिपोल, 9. स्टेशनरी कम्प्यूटर उपकरण, डस्टबीन, लैपटॉप, कैमरा व प्रिंटर व आपरेटर। 10. चैनर, दरवाजे खिडकी आदि फैबरीकेशन 11. कोरोना से बचाव सम्बन्धी सामग्री 12. साफ सफाई हेतु सामग्री व उपकरण 12. ओपन जिम, लाईब्रेरी 13. पाईप लाईन हेतु पाईप 14. ई-रिक्शा फोगिंग मशीन 15. वाटर कूलर क्रय आदि पंचायत भवन मे जनसेवा केन्द्र तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे कार्यलय पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से निविदाए 02.04.2025 को समय पूर्वाहन 12 बजे तक आमंन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रित निविदाए 15.04.2025 को 3 बजे पंचायत कार्यलय पर खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क दिनांक 12.04.2025 को 11 बजे तक पंचायत कार्यालय पर से प्राप्त किए जा सकते है। सम्बन्धित कार्य के लिए आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

पप्पूराज
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत टिटोली
विकास खण्ड कैराना (शामली)

**सचिव**
ग्राम पंचायत, टिटोली
विकास खण्ड कैराना
(शामली)

**ग्राम पंचायत जगनपुर विकास खण्ड कैराना जनपद शामली।**

पत्रांक 01 दिनांक 30/3/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत जगनपुर विकास खण्ड कैराना जनपद शामली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे पंचम वित्त/15वाँ वित्त / मुख्यमंत्री पुरस्कार मनरेगा एवं अन्य योजना अर्न्तगत होने वाले निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे- बालू रेत, मिटटी भराव कार्य, ईट, सीमेंट, कोरसेंट, सरिया, रोडी, डस्ट, पक्की रोडी, इण्टर लांकिग टाईल्स, फलोर वॉल टाईल्स 2, स्ट्रीट लाईट (स्थापना व मरम्मत) सोलर लाईट (स्थापना व मरम्मत) 3. बैंच (सीमेंट) 4. टंकी फिटिंग 5. हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर 6. फर्नीचर (स्कूल, आगनवाडी केन्द्र, पंचायत घर आदि) 7. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री। 8. वाल पेंटिंग, फलेक्सी, यूनिपोल, 9. स्टेशनरी कम्प्यूटर उपकरण, डस्टबीन, लैपटॉप, कैमरा व प्रिंटर व आपरेटर। 10. चौनर, दरवाजे खिडकी आदि फैबरीकेशन 11. कोरोना से बचाव सम्बन्धी सामग्री 12. साफ सफाई हेतु सामग्री व उपकरण 12. ओपन जिम, लाईब्रेरी 13. पाईप लाईन हेतु पाईप 14. ई-रिक्शा फोगिंग मशीन 15. वाटर कूलर क्रय आदि पंचायत भवन मे जनसेवा केन्द्र तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे कार्यलय पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से निविदाए 02.04.2025 को समय पूर्वाहन 12 बजे तक आमंन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रित निविदाए 15.04.2025 को 3 बजे पंचायत कार्यलय पर खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क दिनांक 12.04.2025 को 11 बजे तक पंचायत कार्यलय पर से प्राप्त किए जा सकते है। सम्बन्धित कार्य के लिए आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित है।

राकेश कुमार
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत जगनपुर
विकास खण्ड कैराना (शामली)

**सचिव**
ग्राम पंचायत, जगनपुर
विकास खण्ड कैराना
(शामली)

**ग्राम पंचायत ईस्सोपुर खुरगान विकास खण्ड कैराना जनपद शामली।**

पत्रांक 01 दिनांक 30/3/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत ईस्सोपुर खुरगान विकास खण्ड कैराना जनपद शामली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 मे पंचम वित्त /15 वॉ वित्त/मुख्यमंत्री पुरूस्कार मनरेगा एवं अन्य योजना अर्न्तगत होने वाले निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे-बालू रेत, मिटटी भराव कार्य, ईट, सीमेंट, कोरसेंट, सरिया, रोडी, डस्ट, पक्की रोडी, इण्टर लांकिग टाईल्स, फलोर वॉल टाईल्स 2, स्ट्रीट लाईट (स्थापना व मरम्मत) सोलर लाईट (स्थापना व मरम्मत) 3. बैंच (सीमेंट) 4. टंकी फिटिंग 5. हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर 6. फर्नीचर (स्कूल, आगनवाडी केन्द्र, पंचायत घर आदि) 7. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री। 8. वाल पेंटिंग, फलेक्सी, यूनिपोल, 9. स्टेशनरी कम्प्यूटर उपकरण, डस्टबीन, लैपटॉप, कैमरा व प्रिंटर व आपरेटर। 10. चैनर, दरवाजे खिडकी आदि फैबरीकेशन 11. कोरोना से बचाव सम्बन्धी सामग्री 12. साफ सफाई हेतु सामग्री व उपकरण 12. ओपन जिम, लाईब्रेरी 13. पाईप लाईन हेतु पाईप 14. ई-रिक्शा फोगिंग मशीन 15. वाटर कूलर क्रय आदि पंचायत भवन मे जनसेवा केन्द्र तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यलय पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से निविदाए 02.04.2025 को समय पूर्वाहन 12 बजे तक आमंन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रित निविदाए 15.04.2025 को 3 बजे पंचायत कार्यलय पर खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/आयकर मे पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क दिनांक 12.04.2025 को 11 बजे तक पंचायत कार्यलय पर से प्राप्त किए जा सकते है। सम्बन्धित कार्य के लिए आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित है।

मौ0 असलम
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत ईस्सोपुर खुरगान विकास खण्ड कैराना (शामली)

**सचिव**
ग्राम पंचायत ईस्सोपुर खुरगान
विकास खण्ड कैराना
(शामली)

# शांति बनाने में वार्डन निभाएं अपनी भूमिका: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी ईद एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी/नियन्त्रक, नागरिक सुरक्षा मनीष बंसल ने नागरिक सुरक्षा वार्डनों की भर्ती एवं कार्यशैली के बारे में जानकारी हासिल की। बैठक में नागरिक सुरक्षा वार्डनों द्वारा विभिन्न अवसरों पर किए गए सहयोग के लिए सराहना की गई।

जिलाधिकारी श्री बंसल आज नागरिक सुरक्षा पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में पूर्व के अनुभव के आधार पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में नागरिक सुरक्षा के वार्डनों से सुझाव प्राप्त किये गये तथा नगर की महत्वपूर्ण मस्जिदों एवं ईदगाह पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग के लिये निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. अर्चना द्विवेदी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के वार्डन प्रत्येक पर्व एवं शोभा यात्राओं के दौरान अपना महत्वपूर्ण सहयोग पुलिस प्रशासन को प्रदान करते है और



भविष्य में करते रहेंगे। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिन्दल ने नागरिक सुरक्षा वार्डनों के द्वारा होली एवं रमजान माह में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में किये गये सहयोग सराहना की तथा अपने स्तर से नागरिक सुरक्षा वार्डनों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

उप नियन्त्रक कश्मीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में ईद उल फित्तर के अवसर पर नवाज के दौरान शान्ति व्यवस्था में सहयोग के दृष्टिगत नागरिक सुरक्षा वार्डनों की डयूटी लगायी गयी है। नागरिक सुरक्षा के वार्डन सभी धार्मिक पर्वो एवं जुलूसों के दौरान डयूटी के दौरान अपना सहयोग प्रदान करते है तथा भविष्य में भी करते रहेंगे। चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन ने जिलाधिकारी/नियन्त्रक को वार्डन द्वारा पूर्व में किये गये सहयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा के वार्डन बिना किसी वेतन के निष्काम सेवाभाव से सभी पर्वो पर डयूटी देकर अपना सहयोग प्रदान करते हैं। राजेश कुमार जैन द्वारा सभी वार्डनों की तरफ से आश्वासन दिया कि हम सभी सिविल डिफेंस के प्रति तन-मन-धन से समर्पित हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गये समस्त दायित्व का निवर्हन पूर्ण निष्ठा एवं लगन से किया जायेगा। श्री जैन ने वार्डनों की समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। बैठक में नागरिक सुरक्षा के वार्डनों के साथ साथ ट्रेफिक चीफ वार्ड रमेश दुघेरा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

# चांद आया नजर, ईद होगी आज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रूहियत हिलाल चांद कमेटी द्वारा मगरिब की नमाज के बाद चांद देखने का एहतमाम किया गया और चांद नजर आने के बाद कमेटी ने कल ईद की घोषणा की।

कमेटी ने देशवासियों को ईद की मुबारकबाद पेश की और सभी लोगों से ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस अवसर पर शहर काजी नदीम अख्तर, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी, मौलाना अहमद सईदी, मजहरूल इस्लाम, एम. शाहिद जुबेरी, डॉ शाहकार खान आदि उपस्थित रहे।

# रवि सहगल को मिली उत्तराखंड की जिम्मेंदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहानपुर।** बसपा संगठन को देशभर में मजबूती देने में जुटी बहन कुमारी मायावती ने रवि सहगल को हिमाचल के साथ-साथ उत्तराखंड का प्रभार भी सौंपा है। जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल बना है।



रवि सहगल को हिमाचल व उत्तराखंड की जिम्मेंदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। रवि सहगल ने बहनजी का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेंदारी उन्हें दी गई है उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जायेगा। अरुण प्रधान कपासी ने कहा कि बहनजी अब संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे बढा रही है। जिसका असर आने वाले विधान सभा चुनाव में देखने को मिलेगा। स्वागत करने वालों में

**■ कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर बहनजी का जताया आभार**

जगपाल प्रधान, भंवर सिंह प्रधान, नवबहार प्रधान, गुलाब सिंह प्रधान, महावीर प्रधान, तौसीफ अहमद, गुल. बहार, मोहम्मद आरिप खलील अहमद आदि शामिल रहे।

## तस्कर पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने स्मैक तस्करी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 15 ग्राम स्मैक नाजायज व एक बाईक भी बरामद की गई है।

रविवार को थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपी नशा तस्कर आशिक पुत्र खालिद निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना को दोपहर के समय फिरोजाबाद रोड पर जैन बाग के निकट से 15 ग्राम स्मैक नाजायज व एक बाईक सहित गिरफ्तार किया है।

## आरोपी का चाचा व भाई पकडा

**तीतरों।** नाबालिग को भगा ले जाने तथा दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी का साथ देने वाले उसके चाचा तथा उसके बेटे को भी गिरफ्तार किया गया है।

क्षेत्र गांव निवासी एक नाबालिग पास के ही दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाती थी। दो सप्ताह पूर्व क्षेत्र गांव निवासी नाबालिग को उसके साथ पढ़ने वाला युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी युवक हरिद्वार के थाना सिडकुल के गांव रावली महमूद में कमरा लेकर रहने लगा। आरोपी को इस बारे में उसके चाचा तथा उसके बेटे ने भी मदद की। नाबालिग के चले जाने के बाद पिता के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को उत्तराखंड से गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि इस मामले में गांव रादौर निवासी अंकुश, धर्मवीर तथा अजय को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को धारा 323, 324, 504, 506 के तहत गिरफ्तार किया गया है

# शिक्षिकाओं ने निकाली बाजारों में रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर छुटमलपुर में एकल विद्यालयों की शिक्षिकाओं ने मुख्य बाजारों से एक भव्य रैली निकाली। इस रैली का आयोजन स्थानीय मनकामेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुआ, जहां भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन में व्यापार मंडल के संरक्षक प्रमोद शर्मा, अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, राजीव पराशर, जिला अभियान प्रमुख राकेश कुमार, विद्यालय संच प्रमुख पूनम देवी और आशा देवी शामिल रहे।

जिला अभियान प्रमुख राकेश कुमार ने बताया कि हर साल नववर्ष के मौके पर समारोह आयोजित किए जाते हैं। इस बार रामनवमी तक 9 दिनों के लिए एकल विद्यालय की शिक्षिकाएं अपने-अपने गांवों में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। इन कार्यक्रमों में अन्य सामाजिक संगठनों का सहयोग भी लिया जाएगा।

रैली रुड़की रोड, पंजाबी मार्केट और सहारनपुर रोड से होकर गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भगवा ध्वज लिए नारे लगाती हुई शामिल हुईं। रैली में अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि, संदीप रोहिल्ला, कर्म सिंह सैनी, संदीप रहेला, शालू सैनी, तनु, लोनीशा, शालू चौहान, पूजा, मुनेश देवी, ललिता, गीता, रूपा देवी, रूबी, उपासना, शिवानी शर्मा और रजनी सैनी जैसे प्रमुख लोग मौजूद रहे।

रैली का समापन मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ, जहां सभी ने इस आयोजन की सफलता के लिए एक-दूसरे को बधाई दी। यह रैली हिंदू नववर्ष के उत्साह और सामा. जिक एकता का प्रतीक बनकर उभरी।

## अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** हाईवे पर चल रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसके कारण बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

रविवार को रहिश पुत्र शमसुद्दीन निवासी देवबंद अपनी बाइक द्वारा सहारनपुर से वापस देवबंद लौट रहा था। जैसे ही वह तल्हेडी कस्बे में पहुंचा तो अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गई। डिवाइडर से टकराकर बाइक हाईवे के बीचों बीच पलट गई और बाइक चालक का सिर सड़क मे जा लगा।जिसके कारण सिर में गम्भीर चोटे आई और वह लहूलुहान हो गया। जबकि बाइक चालक ने हेल्मेट पहन रखा था लेकिन डिवाइडर में टकराने से उसका हेल्मेट दूर जा गिरा।वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तल्हेडी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी भिजवा दिया। लोगों ने बताया कि बाइक चालक को अचानक नींद आ जाने के कारण यह हादसा घटित हुआ है।





































## बही-खातों की शुरूआत

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल एवं प्रदेशाध्यक्ष रिपन कंसल के आह्वान पर पूरे देश प्रदेश में नववर्ष प्रतिपदा संवत्सर 2082 का आयोजन हर जिले महानगर की इकाइयों द्वारा किया गया।

इसी कड़ी मेंजिला एवं महानगर इकाई द्वारा मीरगंज घेर चौंबर में जिलाध्यक्ष अनित गर्ग के नेतृत्व में सभी व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर जाकर तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर नवसंवत्सर की बधाई दी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला महामंत्री हर्ष डाबर मौजूद रहे।

**सूचना**

**मैं Mobeen Akhtar पुत्र Ishaq Ahmad निवासी अहमद कॉलोनी, नफीस कॉलोनी, सहारनपुर, उप्र 247001 ने अपना नाम Mubeen Akhtar से बदलकर Mobeen Akhtar कर लिया है। अब से भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए मुझे इसी नाम से जाना जायेगा।**

## कार्यालय निर्माण अनुभाग, नगर निगम, सहारनपुर।

पत्रांक:- 42/निविदा / 2024-25 दिनांक 29/3/25

**-:अति अल्पकालिक ई- निविदा सूचना:-**

नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 01 कार्य हेतु निविदाये वर्ष 2024-25 में नगर निगम सहारनपुर में पंजीकृत एवं उत्तर प्रदेश के किसी भी राजकीय विभाग में जो नगर निगम सहारनपुर में पंजीकरण सीमान्तर्गत अर्ह ठेकेदारो से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत दिनांक 04.04.2025 को अपरान्ह: 3:00 बजे वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल विड सिस्टम से (टैक्निकल / फाईनेन्शल) ऑन लाईन के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है. टैण्डर मूल्य एवं जमानत राशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही ऑन लाईन के माध्यम जमा की जायेगी, पेन नम्बर, जी.एस.टी. हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, T-6 व यू.पी.इलैक्ट्रोनिक्स कारपोरेशन लि. तथा निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाइन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा एवं अपलोड किये गये प्रपत्रों में से मात्र टी-6 व अन्य दो 10-10 रू. के स्टांप की मूल प्रति दिनांक 04.04.2025 को कार्यालय में साय: 4:00 बजे तक नगर निगम सहारनपुर के निर्माण विभाग के कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल सकते है। ऑन लाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 04.04.2025 को समिति एंव उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं www.saharanpur.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E Bid Referance | पत्रांक 42/निविदा/2024-25 दिनांक 29/3/25 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 29.03.2025 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 04.04.2025 को अपरान्ह: 3 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 04.04.2025 को सायं 04:30 बजे |
| Palace of opening of E-Bids | Executive Engineer nagar nigam Saharanpur |
| E-Bids security of E-Bids | 10% security of tender value |
| E-Tender Document Processing fee | as per tender list column no 6 |

नोट:-बिना अग्रिम जमा धनराशि/ टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**सहारनपुर नगर निगम**

# रेल मार्ग का ट्रालियों में बैठकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** देवबंद-रुडकी रेलमार्ग के निरीक्षण से पूर्व सीआरएस दिनेश चंद देशवाल समेत अन्य अधिकारियों ने देवबंद स्टेशन पर पूजा अर्चना की। पंडित मुकेश शांडिल्य ने पूजा संपन्न कराई। इसके बाद आठ मोटर ट्रालियों में बैठकर अधिकारियों ने निरीक्षण आरंभ किया। रेलमार्ग पर पडने वाले बड़े व छोटे ब्रिज, बन्हेड़ा खास व झबरेड़ा रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग, यार्ड, लेवल क्रासिंग आदि पर सुरक्षा से जुड़े मानकों को बारीकि से परखा गया। सीआरएस बीच-बीच में अधिकारियों को दिशा निर्देश भी देते रहे। मोटरट्राली के बाद सीआरएस ने देवबंद से रुडकी तक करीब 29.50 किमी के इस रेलमार्ग पर 130 किमी प्रति घंटा की गति से स्पेशल ट्रेन चलाकर ट्रायल किया। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रविंद्र कुमार ने





बताया कि देवबंद-रुडकी रेलमार्ग पर सीआरएस का ट्रायल सफल रहा है। इस दौरान सुरक्षा से जुड़े सभी मानक सही पाए जाने पर सीआरएस ने संतुष्टि जताई है। उनके साथ चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर (सीएओ बीएस तोमर, चीफ इंजी. कश्मीरी गेट, दलीप कुमार मिश्रा, चीफ इंजी. ब्रिज आरपी सिंह, डीआरएम राज. कुमार समेत दिल्ली व मुरादाबाद मंडल के कंस्ट्रक्शन समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ईदगाह में नमाज की तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईद-उल-फितर को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद बना हुआ है। रविवार को ईदगाह वक्फ कमेटी ने ईदगाह पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जबकि पुलिस अधिकारियों ने दारुल उलूम क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। साथ ही लोगों को सरकार की गाइड लाइन से अवगत कराया।

ईदगाह वक्फ कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अनवर सईद ने रविवार को कमेटी पदाधिकारियों के साथ ईदगाह मैदान में पहुंच तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नमाज के लिए ईदगाह में सभी तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं। सुबह साढ़े सात बजे नमाज अदा की गई है। इसलिए सभी लोग 15 मिनट



पहले ईदगाह पहुंच जाए। उन्होंने सभी से सरकार की गाइड लाइन पर अमल करने का आह्वान किया। कहा कि सड़कों पर नमाज अदा न करें। इस मौके पर सचिव अनस सिद्दीकी, फहीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। वहीं, इंस्पेक्टर बीनू चौधरी ने पुलिस बल के साथ दारुल उलूम क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# कुरआन पाक मुकम्मल होने पर रोजेदारों ने मांगी दुआएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** माह-ए-रमजान में अदा की जाने वाली तराबीह की विशेष नमाज में पढ़ा जाने वाला कुरआन नगर की सभी मस्जिदों में शनिवार देर रात मुकम्मल हो गया। इस दौरान नगर और देहात से आए अकीदतमंदो ने दुआ में शिरकत कर 29 वीं शब की इबादत की। इस दौरान अमनो-अमान और आपसी सौहाई और मुल्क की तरक्की दुआएं की गई।

देर रात को रमजान माह की 29 वीं शब में नगर की प्रमुख मरकजी जामा मस्जिद, रशीदिया मस्जिद समेत दारुल उलूम की कदीम मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में तराबीह का कुरान मुकम्मल हुआ। इस दौरान रमजान के बारबरकत माह के फजाईल बताते हुए मरकजी जामा मस्जिद में मुफ्ती कारी अफ्फान मंस. ूरपुरी ने दुआ से पूर्व कहा कि जिस तरह रोजेदारों ने माह-ए-रमजान माह में नेकियों पर अमल किया उसी तरह साल भर भी वह नेकियों और भलाई का रास्ता अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि अल्लाह रब्बुल इज्जत कभी भी दुआओं को रद्द नहीं करते इसलिए अल्लाह से दुआएं करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अल्लाह को दुआ मांगना और गुनाहों की माफ कर देना उनका पसंदीदी अमल है। मुफ्ती कारी अफ्फान ने लोगों सोशल मीडिया से पनप रही बुराईयो से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से मोबाइल का सही इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि नशेखोरी किसी भी समाज के लिए क्लंक से कम नहीं है।

रशीदिया मस्जिद में पूर्व सांसद एवं जमियत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने तराबीह का कुरान मुकम्मल होने के बाद दुआ से पूर्व खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने रमजान का महीना सब्र और इबादत करने के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि हमे ईद की खुशियों में अपने से कमतर को भी इस अहसास के साथ शरीक करना चाहिए कि जिससे उसे अपनी गरीबी का अहसास ना हो। उन्होंने कहा कि माह-रमजान कुरआन की वर्षगांठ का भी महिना है। क्योंकि अल्लाह रब्बुल इज्जत ने रमजान माह में ही कुरान माह को उतारा था। इसके अलावा दारुल की छत्ता मस्जिद में खुबेब मदनी ने तराबीह का कुरान मुकम्मल कराया और मौलाना अरशद मदनी ने मुल्क में अमनो-अमान और आपसी भाइचारे एवं सौहार्द की दुआ कराई। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि

**रमजान की 29वीं शब में नगर की सभी मस्जिदों में विशेष नमाज तराबीह में मुकम्मल हुआ कुरआन-ए-पाक**

वह ईद का चांद देखने के बाद रात गफलत में न गुजारें क्योंकि इस रात में पूरे माह में की गई इबादत का अजरो-सवाब अल्लाह रब्बुल इज्जत बांटते हैं। उन्होंने ईद की चांद रात में भी इबादत कर अल्लाह के सामने गिड़गिडाकर दुआएं करने का आह्वान किया। नगर में गांव देहात से ही नहीं दूर दराज से आए लोगों ने मरकजी जामा मस्जिद और रशीदिया मस्जिद पहुंच दुआ में हिस्सा लिया और देर रात तक अपने गुनाहों की तलाफी के लिए बारगाह-ए-इलाही में तड़प-तड़प कर दुआंए की।

# भाजपाईयों ने किया जनसम्पर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपाईयों ने जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया।

रविवार को भाजपाईयों ने अलग-अलग स्थानों पर लोगों से जनसंपर्क किया। मोहल्ला सराय मालियान शक्ति केंद्र पर डॉक्टर महेंद्र सैनी ने नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, सभासद कुलदीप सैनी, महामंत्री राम मोहन सैनी राकेश सैनी आदि के साथ जनसंपर्क किया। रविदास शक्ति केंद्र पर विपिन भारतीय, शक्ति केंद्र नेचलगढ़ में नितिन गुप्ता के साथ बूथ अध्यक्ष नरेश कुमार, अश्वनी मित्तल, जोगेंद्र जाटव, रंजीत वाल्मीकि आदि, गांधी कॉलोनी शक्ति केंद्र पर नगर



पालिका अध्यक्ष विपिन गर्ग, शशिनगर में अमित कुमार, शक्ति केंद्र कायस्थवाड़ा में संदीप शर्मा के साथ बूथ अध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी, विवेक तायल, अजय गर्ग, नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता आदि ने जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

## एमएम इंटर कॉलेज का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एमएम इंटर कॉलेज में गृह परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। परीक्षा में 803 छात्र सम्मिलित हुए और सभी उत्तीर्ण हो गए, जबकि 942 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई और सभी उत्तीर्ण हो गईं।

विद्यालय का रिजल्ट 100% रहा। कक्षा 6 के सफदर पुत्र नईम अहमद ने 83.37 प्रतिशत अंक लेकर जूनियर वर्ग में जबकि कक्षा 9 के मुनीर अहमद अंसारी पुत्र नसीम अहमद को 94.90% अंक लेकर सीनियर वर्ग में टॉप किया। इस प्रकार मुनीर अहमद अंसारी ही छात्र वर्ग में विद्यालय के टॉपर रहे। छात्राओं के ग्रुप में कक्षा 8 की छात्रा कु. युसरा पुत्री शकील अहमद ने 93.75 प्रतिशत अंक लेकर जूनियर वर्ग टॉप किया, जबकि छात्राओं के सीनियर वर्ग में कक्षा 11 की छात्रा कुमारी इरम परवीन पुत्री मोहम्मद महमूद ने 95.00% अंक लेकर सीनियर वर्ग को टॉप किया। छात्राओं के ग्रुप में कु. इरम परवीन ही विद्यालय की टॉपर रही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर एवं गृह परीक्षा प्रभारी बृजमोहन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# यूपी स्टेट जूनियर व सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता जल्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 6 और 7 अप्रैल को गांव सिंभालका स्थित होली चाईल्ड स्पोर्टस एकेडमी में यूपी स्टेट जूनियर व सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूरे प्रदेश से दिव्यांग खिलाडी पहुंचकर प्रतिभाग करेगे। यह प्रतियोगिता जिले में प्रथम बार होगी और इसके विजेता खिलाडी नेशनल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेगे।

कर्मण्य सर्वहित संस्था के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल व नगर पालि. का चेयरमैन अरविन्द संगल, संस्था के महासचिव कृष्ण मित्तल ने रविवार को नगर पालिका सभागार में मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि संस्था असहाय और दिव्यांग लोगों को निशुल्क चीजे




**शामली। प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए।**

बांटकर उनको निष्क्रिय नही बनाना चाहती। बल्कि उनको आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। इसी कडी में संस्था द्वारा आगामी 6 व 7 अप्रैल को गांव सिंभालका स्थित होली चाईल्ड स्पोर्टस एकेडमी में यूपी स्टेट जूनियर व सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के 75 जनपदों से दिव्यांग खिलाडी प्रतिभाग करेगे। इसके लिए हुए ट्रायल में अभी तक करीब 200 से अधिक खिलाडियों को शामिल किया गया है। बताया कि बाहर से आने वाले खिलाडियों के लिए सरस्वती विद्या मंदिर में ठहरने की व्यावस्था होगी। साथ ही खिलाडियों के खाने पीने की व्यावस्था भी संस्था ही करेगी। चेयरमैन अरविन्द संगल ने जिलेभर के लोगों से उक्त प्रतियोगिताओं में पहुंचकर दिव्यांग खिलाडियों का हौसला बढाने की अपील की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव जबर सिंह, संस्था के कोषाध्यक्ष निखिल बंसल, जयदेव, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर वैभव गोयल, पराग कौशिक आदि मौजूद रहे।

## भूकंप पीड़ितों की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** गढ़ी पुख्ता के सती बांको वाली हनुमान धाम मंदिर में रविवार सुबह 11:15 बजे सनातन हिंदू रक्षा दल द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ म्यांमार, थाईलैंड और अन्य प्रभावित देशों में हाल ही में आए भूकंप में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए किया गया। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रण कुमार तोमर के नेतृत्व में हवन संपन्न हुआ, जिसे विद्वान पुरोहित बृजमोहन वशिष्ठ ने विधि-विधान से संपन्न कराया। इस दौरान सूरजपाल उपाध्याय, सावन उपाध्यक्ष, सनी उपाध्याय, राजेंद्र उपाध्याय, रेनू तिवारी, अजय तिवारी, आशीष, चिंटू,



अजय, अमित, विजय, सचिन, अंकित, राजेश, नरेश सहित अन्य सदस्यों ने आहुति अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत और बचाव कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने राहत सामग्री, डॉक्टरों की टीम और आवश्यक वस्तुएं भेजकर मानवीय सहायता का परिचय दिया। साथ ही, आपातकालीन परिस्थितियों में वैश्विक सहयोग के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समिति बनाने का प्रस्ताव रखा। सनातन हिंदू रक्षा दल ने उनके इस कदम के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं और वैश्विक एकता का प्रतीक बताया। संगठन ने पीड़ित परिवारों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जन समुदाय को जागरूक करने हेतु जनपद स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम मे सराहनीय योगदान देने पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गय ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय बिजनौर मे एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अफजलगढ़ की बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण विवेक बंसल व जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अफजलगढ़ को तहसील बनाने की मांग

## डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान योद्धा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम बिजनौर से मिलकर अफजलगढ़ को तहसील बनाने की मांग सहित अफजलगढ़ में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा की। तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

भारतीय किसान योद्धा के जिलाध्यक्ष आमिर पठान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिला। उन्होंने अफजलगढ़ को प्रस्तावित शीघ्र तहसील का दर्जा दिलाने एवं तहसील मुख्यालय अफजलगढ़ में ही बनाने सहित नगर के क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा की



तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पड़े पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की एवं मौहल्ला गौहर अली खां स्थित वर्षों से बंद पड़े जिला परिषदीय चिकित्सालय को पुन: चालू कराने की भी मांग की। उन्होंने जिलाधिकारी जसजीत कौर से अफजलगढ़ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।



# ईद-नवरात्र को लेकर पुलिस अलर्ट, बाजारों में पैदल गश्त

**चौसाना।** ईद और नवरात्र के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। दोनों त्योहारों को देखते हुए बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ मुख्य मार्गों व बाजारों में पैदल गश्त की। ईद का त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा, जिससे खरीदारी के लिए बाजारों में रौनक बढ़ गई है। वहीं, नवरात्र के चलते भी मंदिरों और बाजारों में भक्तों की भीड़ बनी हुई है। पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया।चौकी प्रभारी ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही है।

# रसोईया व आंगनबाड़ी सम्मानित




## प्राथमिक विद्यालय का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** प्राथमिक विद्यालय नंहेड़ा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान राजवीर चौधरी ने किया। वार्षिक परीक्षाफल में कक्षा एक में कानिक्ष ने प्रथम व कुमारी वर्तिका ने द्वितीय, कक्षा दो में कुमारी विशु ने प्रथम व अंश ने द्वितीय, कक्षा तीन में कुमारी पलक ने प्रथम व अंश कुमार ने द्वितीय, कक्षा चार में यश ने प्रथम व नैतिक ने द्वितीय, कक्षा पांच में वंश ने प्रथम व हर्षवर्धन और यश राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने पर रसोईया पायल देवी व आंगनबाड़ी फूलवती को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# मस्जिदों में कुरान ए करीम मुक्कमल

## देश में अमनो अमान व तरक्की के लिए दुआ कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** मुकद्दस रमजान माह का अखरी अशरे में सहसपुर नगर की अलग-अलग मस्जिदों में तरावीह नमाज में 27वी शब को कुरान ए करीम मुकम्मल हुआ। जहां उलेमाओं ने देश और दुनिया में अमानो अमान कायम रखने और मुल्क की तरक्की की दुआ कराई।

मोहल्ला अफगानान जुमा बाजार रोड स्थित मस्जिद उमर फारूक में बृहस्पतिवार रात में हाफिज मोहम्मद सादिक अंसारी ने 27 दिनों तक ईशा की नमाज के बाद 20 रकात में रोजाना कुरान ए करीम जुबानी याद



करके सुनाया, जिसमें बीच में कारी मसरूर आलम ने गलतियों को दुरुस्त करते हुए उस्ताद की भूमिका अदा की। वहीं दूसरी ओर मोहल्ला चौधरियान स्थित मोती मस्जिद में हाफिज मौ. आदिल ने कुरान ए पाक सुनाया, जिसमें बीच में मुफ्ती तसलीम अहमद साहब ने गलतियों को दुरुस्त करते हुए उस्ताद की भूमिका अदा की। बस स्टैंड वाली मदीना मस्जिद में कारी जैद ने कलाम ए पाक को सुनाया, जिसमें बीच में कारी अजीम ने गलतियों को दुरुस्त करते हुए उस्ताद की भूमिका अदा की।

कारी फुजैल अंसारी पुत्र मुफ्ती अकील अहमद अंसारी (मदरसा माआरिफ उल उलूम) ने मजहबी इस्लाम के पैगंबरों और अल्लाह के नबी को सबसे पहले हाफिज कुरान बताया। उन्होंने कहा कि इस महीने में आसमान से कुराने करीम नाजिल हुआ, जिसमें पूरी दुनिया में एक ही भाषा अरबी में पहुंचने का काम अल्लाह के नबी ने दावत के जरिए किया। जुमे की नमाज से पहले मस्जिद उमर फारूक में कारी मसरूर आलम ने बयान में कहा मुसलमान से अल्लाह और उसके नबी के कलम को खूब पढ़ने और उसे समझ कर अमल के जाने पर जोर दिया।

इस मौके पर डॉक्टर रिजवान, अनीस अहमद अंसारी समाजसेवी, मुफीद आलम, हाफिज सादिक, कारी आदिल मनव्वर अंसारी, हाफिज अफजल आदि मौजूद रहे।

# धीरेन्द्र सिंह को राज्य युवा संसद में मिला पहला स्थान

**उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2025 के अंतर्गत दो दिवसीय उत्तर-प्रदेश राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद उत्सव का आयोजन उत्तर प्रदेश की विधानसभा लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे प्रदेश से सभी नोडल जनपदों से चयनित कुल 240 प्रतिभागियों ने चयनित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें बरेली जनपद स्तर से चयनित 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने बताया कि राज्य युवा संसद में बरेली के धीरेन्द्र सिंह ने विषय भारतीय संविधान के 75 वर्ष, अधिकारों एवं कर्तव्यों पर अपना भाषण देकर सभी को आकर्षित किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा धीरेन्द्र सिंह को उत्तम वक्ता एवं राज्य युवा संसद के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। युवा उत्सव का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने तीनों वक्ताओं को सम्मानित किया। ष्संस्थाओं की मर्यादा बनाए रखेंष्सुरेश खन्ना ने कहा कि लो. कतंत्र में नई पीढ़ी को भागीदार बनाने और उनका सहयोग लेने के उद्देश्य से युवा संसद की शुरुआत 1962 के सचेतक सम्मेलन से हुई थी, उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वे लो. कतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा बनाए रखें, उन्होंने संसदीय लो. कतंत्र में विधायिका कार्य पालिका और न्याय पालिका के कार्यों की जानकारी देते हुए संविधान की 11 ड्युटियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए युवाओं को कहा कि नागरिकों की तरह अपनी ड्यूटी के प्रति पंक्चुअल होना होगा। विश्व का सर्वोत्तम तंत्र है लोकतंत्र उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रदेश भर से आए युवाओं को विधानसभा मंडल में स्वागत किया। राम राज्य का उदाहरण देते हुए उसे शिक्षा मंत्री ने कहा कि उनके राजतंत्र से भी लोकतंत्र दिखाई देता है। कहां कि लोकतंत्र में भी सबसे बेहतर संसदीय लोकतंत्र है। यह तीनों राष्ट्रीय संसद में पीएम मोदी के सामने यूपी की आवाज बनेंगे, और अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देश की संसद भवन में अपने विचार रखकर जनपद का नाम रोशन करेंगे।

## ईदगाह में साढ़े दस बजे अदा होगी ईद की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे के साथ ही क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नमाज के लिए ईदगाह के साथ ही मस्जिदों में इसका वक्त तय कर दिया गया है। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में क्षेत्र की प्रमुख ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज साढ़े दस बजे अदा की जाएगी। नमाज जामा मस्जिद के पेशे इमाम कारी मौलाना फरियाद हुसैन अदा कराएंगे। इसके साथ ही मोती मस्जिद में मौलाना आविद हुसैन साढ़े 9 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराएंगे। जामा मस्जिद में साढ़े 8 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। इसके साथ ही जंगले वाली मस्जिद, सड़क वाली मस्जिद के साथ ही नगर की कई मस्जिदों में अपने निर्धारित समय पर ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई जाएगी।

# सीएम करेंगे अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण

- **तैयारियों का उच्चाधिकारियों ने लिया जायजा**
- **विद्यालय में साफ-सफाई व अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक परिक्षेत्र बरेली रमित शर्मा, मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने रविवार को तहसील नवाबगंज स्थित ग्राम अधकटा नजराना में उत्तर प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक-बालिकाओं के लिए निर्मित अटल आवासीय विद्यालय के लोकार्पण के संबंध में चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि विद्यालय की साफ-सफाई आदि का जो भी कार्य अधूरा रहा गया है, उसे समय से पूर्व पूर्ण करा लिया जाए। उक्त के उपरांत अधकटा नजराना में ही स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया गया, और निर्देश दिए गए कि गौशाला में ऐसे पेड़-पौधों लगाए जाएं, जिनका पशुओं के चारे के लिए उपयोग किया जा सके। निरीक्षण के समय गौशाला में कहीं-कहीं पर गोबर के एकत्रित ढेर तथा तिरपाल भी गंदे पाये गये, जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। निरीक्षण के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, उपजिलाधिकारी नवाबगंज अजय कुमार उपाध्याय, सहायक श्रमायुक्त बाल गोविन्द, विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक, कार्यदायी संस्था सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग महिला ने पहले नंदोई के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**और अब अधिवक्ता ननद के साथ कई लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जमीन पर कब्जा करने को लेकर ननद व भौजाई के बीच छिड़ा विवाद सुलटने के बजाए दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। विवाद इतना बढ़ गया कि दिव्यांग भौजाई ने अपनी ननद अधिवक्ता के साथ ही कई लोगों के खिलाफ खड़ी फसल को जोतने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। दस दिन में यह दूसरी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कस्बा व थाना नवाबगंज की आदर्श नगर बस्ती की रहने वाली दिव्यांग नेमा देवी और उनकी भावी अधिवक्ता संतोषी के बीच जमीन पर कब्जा करने को लेकर पिछले काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। इतना ही नहीं दोनों के बीच मुकदमे दारी भी चल रही है। दिव्यांग नेमा देवी ने अपनी क्षेत्र के गांव तुमड़िया स्थित भूमि पर खड़ी फसल को गांव के रितेश के ट्रैक्टर से जोतने का आरोप लगाया है। नेमा देवी के मुताबिक जब उसे गांव के हेमंत से इसकी सूचना मिली तो वह 26 मार्च को गांव पहुंची तो उसने इसका विरोध किया तो ननद संतोषी, नंदोई प्रदीप ने उसे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पुलिस को दी गई तहरीर पर पुलिस ने ननद महिला अधिवक्ता संतोषी, नंदोई प्रदीप, रितेश, प्रदीप पुत्र घनश्याम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दस दिन पहले भी कराई थी रिपोर्ट

दिव्यांग महिला नेमा देवी ने गुजरी 18 मार्च को भी एक रिपोर्ट अपने नंदोईओं रवि, और प्रदीप कुमार के खिलाफ दर्ज कराई थी, जिसमें उसने दोनों नंदोईओं पर ग्राम तुमड़िया स्थित जमीन पर खड़ी फसल में कीटनाशक दवाई छिड़ककर नष्ट करने, और विरोध करने पर उसे गन्ने के खेत में खींचकर ले जाने के साथ ही अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया था। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस मामले की छानवीन में लग गई है।

# जश्ने खत्म कुरान पर उलेमाओं ने बताई कुरान की फजीलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे में रविवार की रात कई मस्जिदों में जश्ने खत्म कुरान के आयोजन किए गए। इस दौरान उलेमाओं ने खिताब करते हुए कुरान की फजीलत बयान की।

कस्बे की प्रमुख जामा मस्जिद में कारी और हाफिज मौलाना फरियाद हुसैन ने कुरान सुनाया। मस्जिद में आयोजित जश्ने खत्म कुरान पर मस्जिद कमेटी के सदर डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, सेक्रेट्री प्रो. राशिद अंसारी, मुतावल्ली गाजी सिकन्दर, सभासद हसीब सिद्दीकी, पूर्व सभासद चौधरी अब्दुल वहीद अंसारी, कासिम अंसारी, मो. ताहिर एड, जमील अहमद एड, हनीफ विधायक आदि ने उनका फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और नजराना पेश किया। इसके साथ ही कस्बे की मोती मस्जिद में हाफिज मो. अरमगान ने कुरान मुकम्मल किया। कमेटी के सदर इकरार, खुर्शीद, शाहबाज कुरैशी, मो. यूसुफ उर्फ पप्पू टेलर ने हाफिज मो. अरमगान के साथ ही मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना आविद हुसैन का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया, और उन्हें नजराना पेश किया। इसके साथ ही कस्बे की रामपुर वाले मियां की मस्जिद में भी जश्ने खत्म कुरान मनाया गया।



इस अवसर पर उलेमाओं ने अपनी-अपनी तकरीरों में कुरान की फजीलत बयान कर इस पर अमल करने का आवाहन किया। मस्जिदों में देर रात तक जश्ने कुरान के आयोजन चलते रहे।

## एक नजर

### अधिवक्ता साथी के इंतकाल पर संगठन ने दी सहायता राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अपने अधिवक्ता साथी के आकस्मिक निधन पर ऐडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने उनके घर सैंथल जाकर उन्हें संगठन की ओर से 20 हजार रुपये की सहायता राशि भेंट की।



दरअसल, कस्बा सैंथल के रहने वाले अधिवक्ता मोहसिन रजा जैदी उर्फ सो. हेल का एक सप्ताह पहले दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया था। रविवार को उनके घर सैंथल पहुंचे संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी और सचिव दुष्यंत गंगवार ने उनके निधन पर दुख जताते हुए परिजनों को 20 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की।

### दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन अहसन मियां ने दी सभी को ईद की मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां कहा कि ईद आपसी भाईचारे और खुशियों का त्यौहार है। सभी लोग आपसी गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे से गले मिलें। अपने घरवालों, रिश्तेदारों के साथ ईद के दिन गरीबों का खास ख्याल रखें। गरीबों को भी खुशियों में शामिल करें। मिलजुल कर इसकी खुशियां आपस में बांटे। साथ ही मुफ्ती अहसन मियां ने सभी इमामों और अवाम से अपील करते हुए कहा कि ईद की नमाज के बाद अपने मुल्क हिंदुस्तान की तरक्की व खुशहाली के साथ-साथ फिलिस्तीन के मुसलमानों के लिए अल्लाह से खुसूसी दुआ करें। दरगाह पर ईद का चांद देखने का एहतिमाम किया गया। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी व नासिर कुरैशी समेत मौलाना अबरार उल हक, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग, सुहैल रजा, अरबाज रजा, अश्मीर रजा, जोहैब रजा, साजिद नूरी, नाजिम रजा, सय्यद माजिद, काशिफ रजा, इशरत नूरी, सबलू अल्बी आदि ने सबको ईद की मुबारकबाद दी।

### चेयरमैन ने ईद-उल-फितर व नवरात्रि पर विशेष सफाई के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ईद-उल-फितर तथा नवरात्रि पर नगर पंचायत देवरनियां के अध्यक्ष मोहम्मद कलीम अंसारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष सफाई व्यवस्था करने के निर्देश सफाई कर्मचारियों को दिए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने साफ शब्दों में कहा है कि ईद व नव रात्रि के समय बेहतरीन तरीके से नगर में सफाई व्यवस्था की जाए, उन्होंने कहा कि विशेषकर मस्जिदों, ईदगाहों व मंदिरों के आसपास कोई भी गंदगी नहीं रहनी चाहिए। वह स्वयं नगर पंचायत क्षेत्र में घूम कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे, कहीं भी गंदगी पाई गई तो उस वार्ड के सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कलीम अंसारी ने समस्त नगर पंचायत वासियों को ईद-उल-फितर तथा नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ में मनायें। सदियों पुरानी हमारे नगर पंचायत की हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की परम्परा को बनाए रखें।

### बरेली मंडल को मिले 15 नए आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मंडल के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों (डिस्पेंसरी) में आयुर्वेदिक विभाग को नए चिकित्साधिकारी मिले हैं लेकिन बरेली में नए चिकित्साधिकारी नहीं मिलने से अभी कमी है। मंडल में कुल 15 नए चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति मिली है। मंडल में बरेली में 53 आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बदायूं में 26, पीलीभीत में 35 और शाहजहांपुर में 56 आयुर्वेदिक चिकित्सालय बने हैं, जिनमें पहले से चिकित्साधिकारियों की कमी थी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने इन सभी को नियुक्ति पत्र दिया। हमारे मंडल को 15 नए चिकित्साधिकारी प्राप्त हुए हैं, लेकिन जिले में किसी नए चिकित्साधिकारी को नियुक्ति नहीं मिला है।

### 2500 पुलिस वालों के सर होगा शहर की सुरक्षा का जिम्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले में ईद के मौके पर 1359 मस्जिदों और 170 ईदगाहों पर नमाज अदा की जाएगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले के धार्मिक स्थलों समेत अन्य स्थानों पर 25 सौ पुलिस कर्मियों के साथ दो कंपनी पीएसी तैनात की है। सभी थाना क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। अफसर लगातार गश्त पर रहेंगे। खुराफातियों पर नजर रखी जाएगी। पुलिस लाइन, ऑफिस समेत अभियोजन कार्यालय के पास 25 क्यूआरटी टीमें रहेंगी, जो एक ही सूचना पर मौके पर पहुंचेगीं। पुलिस लाइन से तीन ड्रोन कैमरों से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। वहीं, 95 पीआरवी वाहनों का डिप्लॉयमेंट किया गया है। इसके लिए 70 निरीक्षक, 380 उपनिरीक्षक, 1700 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, 200 महिला आरक्षी समेत 800 ग्राम प्रहरी भी तैनात रहेंगे। प्रत्येक थानों और धार्मिक स्थलों पर सादे कपड़ों में एक टीम निगरानी के लिए तैनात की गई है। प्रत्येक थाना और चौकी पर एक रात्रि धार्मिक स्थल सुरक्षा गश्त दल गठित किया गया है, जो रात भर गश्त करेगा। 90 स्थानों की पुलिस लाइन के कैमरों से कैंप ऑफिस से निगरानी की जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया किसभी थाना क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। अधिकारी लगातार गश्त पर रहेंगे।

# महिला ने मेडिकल नहीं होने पर जिला अस्पताल में काटा हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला को शनिवार को आरो. पियों ने गोली मारकर कर घायल कर दिया था। वहीं महिला ने होश आने पर अपहरणकर्ताओं पर रेप करने का आरोप भी लगाया है। घटना के कई घंटे होने के बाद महिला ने हंगामा काट दिया। महिला का आरोप है कि उसका बीते दिन कार सवारों ने अपहरण करने के साथ उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़िता का आरोप है कि उसने कल से शरीर में लगी गोली निकालने के साथ रेप होने के परीक्षण की मांग की है। लेकिन उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। महिला ने बताया कि वह वर्तमान में इज्जतनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। बीते दिन उसे कोविड हॉस्पिटल के पास कुछ लोग कार में खींचकर अपने साथ ले गए, जहां तीन लोगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला ने यह भी बताया कि जब से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है तब से उसे यहां का स्टाफ रेप परीक्षण का आश्वासन दे रहा है, और न ही उसके शरीर मे फंसी गोली को निकाला जा रहा है। बाद में परेशान महिला ने अपने परीक्षण और गोली निकालने को हंगामा काटा। इसके बाद महिला इमरजेंसी से वार्ड से बाहर निकल आई। मौके पर मौजूद पुलिस महिला को समझाने की कोशिश करती रही, पर महिला ने नहीं मानी। महिला का कहना था कि ऐसे तो उसकी मौत हो जाएगी। जिला अस्पताल में उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने अपने अधिकारियों को फोन करके घटना की जानकारी दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने महिला को समझाया और आधे घंटे में मेडिकल का आश्वासन दिया, इसके बाद महिला बार्ड में वापस चली गई।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**पीड़िता ने गर्भपात कराने का लगाया आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

शीशगढ़। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला को दहेज लोभी ससुरा. लियों ने पीटकर घर से निकल दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित छै लोगों मुकद्दमा दर्ज किया है।

ग्राम गिरधरपुर निवासी महिला किरन पुत्री कल्याण ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उनका विवाह रुद्रपुर निवासी सूरज के साथ हुआ था। शादी के बाद से सब कुछ सही चल रहा था। पीड़ित महिला का कहना है कि पांच माह पूर्व उनकी छोटी बहन की शादी में उनके पिता ने दहेज में बाइक दी थी। छोटी बहन को बाइक देने पर उनके पति भी बाइक व सोने की चौन और अंगूठी की मांग कर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि विवाहिता के पिता और भाई विवा. हत पति को समझने गए थे। जिससे नाराज होकर पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों ने उनके साथ मारपीट की तथा मेरे दोनों बच्चों को भी मुझसे छीन लिया।

# नवरात्र के उपलक्ष्य में मन्दिरों को सजाकर की गई पूजा अर्चना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में कस्बा और ग्रामीण अंचल के मंदिरों को सजाकर और घर घर में मां दुर्गा की स्थापना की गई।

कई जगह ब्रह्मांड रूपी कलश स्थापित करके और अखंड ज्योति जलाई गई।श्रीदालुओ ने सामूहिक पूजा करके विश्व की सलामती के लिए यज्ञ का आयोजन करके आहुति दी।कई महिला पुरुषो ने विधिवत पूजा अर्चना कर 9 दिन तक उपवास रखने का संकल्प दोहराया।कस्बा के बगिया वाले प्राचीन मां काली मंदिर पर गुरु कृष्ण पाल, अमन सिंह के अगुवाई में तमाम श्रद्धालुओं ने ज्वाला देवी मंदिर से जोत लाकर स्थापित की।वही नई वस्ती के शिव मंदिर में भी सूरज राठौर की अगुवाई में जोत स्थापित की गई। जोत स्थापना के शुभ अवसर पर शंकर लाल गुप्ता, अमन भारद्वाज, सिद्धांत कश्यप, सुमित कश्यप, दीपक गुप्ता सत्य प्रकाश माली,पवन सैनी,सूरज राठौर, पंडित वेद प्रकाश शखधार, सभासद प्रदीप गुप्ता के साथ आदि भक्तगण मौजूद रहे। नवरात्रि के समापन के बाद यह दोनो जोत लेकर श्रीदालू पद यात्रा करके टनकपुर के रास्ते मां पूर्णागिरी जाएंगे।

# महिला को अगवा कर मारी गोली

**मेडिकल स्टोर से दवा लेने आई थी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** तीन सौ बेड अस्पताल के सामने मेडिकल से दवा लेने आई महिला को कार से आए लोग अपने साथ ले गए। इसके बाद सीता रसोई के पास गोली मारकर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

इज्जतनगर के वीरसावरकर नगर में किराए पर रहने वाली सोनू तीन सौ बेड अस्पताल के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए शनिवार शाम 5:30 बजे आई थी। दवा लेने के बाद जब वह जाने लगी। तभी अस्पताल से कुछ आगे काली कार में सवार चार लोग आए और महिला को अपने साथ गांधी उद्यान के पास ले गए। वहां स्थित सीता रसोई के पास कार सवारों ने सोनू के दाहिनी कंधे के पास गोली मार दी, जिससे वहीं गिर गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा। एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव जिला अस्पताल और घटना स्थल पर पहुंचे। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। सोनू की उम्र 45 वर्ष है। उसका विवाह मथुरा में हुआ है। पति अनिल कुमार कौशिक से अनबन के कारण वह दो बच्चों के साथ किराये के मकान में रहती है। पुलिस के अनुसार महिला जिन लोगों के साथ कार में गई थी। वह लोग परिचित हो सकते हैं।

पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका परिचित ठेले वाला उसके परिवार को जानता है। इसपर पुलिस ने ठेले वाले को उठा लिया है, लेकिन पुलिस को उसके पास से घटना से संबंधित कोई क्लू नहीं मिला है। तब पुलिस ने जिला अस्पताल से ही उसे इस शर्त पर छोड़ दिया कि यदि जरूरत पड़ी तो पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। पुलिस ने महिला के परिजनों को भी थाने बुला लिया। वहीं, महिला ने मीडिया कर्मियों को कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया। महिला तीन सौ बेड अस्पताल के पास से 6 बजे के करीब निकली, जबकि पुलिस को गोली लगने की सूचना 8 : 30 बजे मिली। सवाल है कि करीब दो या ढाई घंटे महिला कार में किसके साथ रही। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पुलिस को 8.30 बजे सूचना मिली कि महिला को गोली मारी गई है। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अभी तक की जानकारी के अनुसार किसी परचित ने ही गोली मारी है। पुलिस जांच कर रही है। आगे जो भी अपडेट होगा बताया जाएगा।

# एक अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी बरेली में

- **बरेली कॉलेज में जनसभा को सम्बोधित व परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे योगी**
- **विकास भवन में समीक्षा बैठक के उपरांत नवाबगंज के अधकटा नजराना में अटल आवासीय विद्यालय का करेंगे उद्घाटन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आगामी एक अप्रैल को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का बरेली जनपद में आगमन प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री योगी द्वारा बरेली कालेज, बरेली में जनसभा की जाएगी, और 932.59 करोड़ रुपये की धनराशि की 132 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जायेगा। बरेली कालेज में ही स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरूकता अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। तदोपरान्त कुछ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। उसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी द्वारा विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक की जाएगी। तदोपरान्त तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में नवनिर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुझिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुझिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में खड़न्जा निर्माण व मिट्टी कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-02.04.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-03.04. 2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | बाबूराम के घर से भूपराम के घर तक खड़न्जा व मिट्टी कार्य | 3,99,523.00 |

**मानवती** (प्रधान) **दुष्यन्त कुमार** (सचिव)

# रंगदारी मांगने और अध्यापक पर हमला करने के आरोपी को दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस ने रंगदारी मांगने और अध्यापक पर हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अंकित वर्मा उर्फ सनी एक अवैध कॉलोनाइजर है। पुलिस ने उसे थाना फरीदपुर क्षेत्र के बीसलपुर रोड से गिरफ्तार किया।घटना 11 दिसंबर की है। आरोपी ने शराब के पैसों को लेकर अध्यापक से रंगदारी मांगी थी। अध्यापक द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने उन पर हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरा. पी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत मुबारकबाद






























# सम्पादकीय

सोमवार, 31 मार्च 2025

## जीएसटी व्यवस्था पर सवाल

लगातार जारी किए जा रहे आंकड़े गवाह हैं कि अप्रत्यक्ष कर राजस्व में लगभग दो फीसदी की गिरावट वास्तव में चिंता का विषय हो सकती है। संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की 19वीं रिपोर्ट में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था की तीखी आलोचना की गई है। इस कर व्यवस्था को देश में अप्रत्यक्ष कर अनुपालन को सरल, एकीकृत और बेहतर बनाने के मकसद से जुलाई 2017 में लागू किया गया था। सबसे पहले, पीएसी ने वित्तीय वर्ष 2018 और वित्तीय वर्ष 2020 के बीच कोविड-19 महामारी से पहले जीएसटी के शुरुआती दो सालों के दौरान अप्रत्यक्ष कर राजस्व में लगभग दो फीसदी की गिरावट पर प्रकाश डाला। चिह्नित की गई अनेक विसंगतियों में से, राज्यों की क्षतिपूर्ति निधि का छह सालों से ज्यादा समय तक लेखा-परीक्षण न किया जाना तथा उसे अंतिम रूप न दिया जाना विशेष रूप से चिंताजनक है। इससे इस एकीकृत, लेकिन संघीय कर ढांचे की कार्यप्रणाली पर दबाव पड़ा है। पीएसी ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के सामने क्षतिपूर्ति निधि खाता पेश करने में केंद्र की विफलता पर ध्यान दिया है, जोकि जीएसटी लागू होने के बाद से राज्यों को राजस्व घाटे के लिए समय पर क्षतिपूर्ति जारी करने और प्रमाणित करने के लिए एक आवश्यक कदम था। जीएसटी व्यवस्था की केंद्रीकरण की प्रवृत्तियां लंबे अरसे से प्रमुख राजस्व-उत्पादक राज्यों के लिए विवाद का विषय रही हैं, जिनमें से कई राज्यों ने घटती राजकोषीय स्वायत्तता और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में तीव्र गिरावट पर चिंता जताई है। गंतव्य-आधारित कर के रूप में, जीएसटी उपभोग के बिंदु पर लगाया जाता है, जिससे मैन्यूफैक्चरिंग-प्रधान राज्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन्हीं चिंताओं को दूर करने के लिए, जीएसटी (राज्यों को क्षतिपूर्ति) अधिनियम, 2017 ने एक क्षतिपूर्ति कोष को अनिवार्य किया था और राज्यों को वित्त वर्ष 2016 को आधार वर्ष मानकर पांच सालों (2017-22) के लिए 14 फीसदी सालाना राजस्व वृद्धि का वादा किया था। हालांकि, कई राज्यों ने या तो धनराशि प्राप्त नहीं होने या फिर गंभीर देरी की शिकायत की है, जिसके चलते उनका कहना है कि शासन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पीएसी ने इसके किए केंद्र के उदासीन रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में, पीएसी ने 10667 मामलों के नमूने में से 2447 विसंगतियों-जिनकी राशि 32577.73 करोड़ रुपये है, का हवाला दिया है और वित्त मंत्रालय के लेखापरीक्षा संबंधी नजरिए की आलोचना करते हुए इसे बेपरवाह बताया है। पीएसी ने लंबित मामलों के संबंध में समय पर लेखापरीक्षा और अद्यतन जानकारी सुनिश्चित करने के लिए सीएजी के साथ एक औपचारिक तंत्र स्थापित करने की सिफारिश की है। इसने जीएसटी 2.0 विकसित करने के लिए एक व्यापक समीक्षा की भी बात कही है, यह एक ऐसी सिफारिश है जो राज्यों द्वारा जीएसटी राजस्व में ज्यादा हिस्सेदारी, जो वर्तमान 50 फीसदी से बढाकर 70 फीसदी-80 फीसदी के करीब करने, की मांग को प्रतिध्वनित करेगी।

## ऑफशोर माइनिंग की परमिशन अनुचित फैसला



ऑफशोर एरियाज मिनरल (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 का शुरू से ही विरोध हो रहा था, क्योंकि इसमें पर्यावरण और सामाजिक-आर्थिक दुष्प्रभावों की अनदेखी की गई है, सरकार ने बिना प्रापर स्टडी और हितधारकों से परामर्श के ही निजी कंपनियों को ऑफशोर खनन की परमिशन दे दी, इसलिए सरकार इसका टेंडर कैंसिल करे, कई रिसर्च ऑफ शोर माइनिंग के प्रतिकूल प्रभावों की ओर इशारा करते हैं, इनमें समुद्री जीवन के लिए खतरा, प्रवाल भित्तियों को नुकसान और मछली स्टाक की कमी शामिल है, जब खान मंत्रालय ने 13 अपतटीय ब्लॉकों के लिए लाइसेंस देने के लिए निविदाएं आमंत्रित कीं, तो इस मनमाने कदम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे, 13 ब्लॉकों में से तीन ब्लॉक कोल्लम के तट पर रेत की माइनिंग और कंस्ट्रक्शन के लिए हैं। ये फिश ब्रीडिंग का महत्वपूर्ण स्थान है।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# ईद लाती है खुशियों की बौछार...



सुहैल मलिक

ईद जिसे हम मीठी ईद भी कहते है। ईद उल फितर इस्लामी कैलेंडर के अनुसार रमजान के महीने के अंत में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व मुसलमानों के लिए रमजान के महीने के दौरान रखे गए रोजे की समाप्ति का प्रतीक है, और यह खुशी, उल्लास और एकता का प्रतीक है। रमजान खत्म होने के बाद चांद नजर आने के अगले दिन ईद का त्योहार मनाया जाता है। ईद-उल-फितर दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन इसे मनाने का तरीका हर जगह अलग-अलग है। इस दौरान दुनियाभर में ईद के जश्न की कुछ ऐसी झलक दिखाई देती हैं। इसके साथ ही ईद का त्योहार आपसी सौहार्द और और एकता का त्योहार है। जिसे सभी मुस्लिम प्यार से और मिल-जुलकर मनाते है। इस दिन पर परिवार के साथ पारम्परिक व्यंजन जैसे खजूर और मीठी सेवयां और तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ उठाया जाता है। साथ ही घर के छोटे सदस्यों को उपहार या कुछ पैसे दिए जाते हैं, जिसे ईदी कहा जाता है। वहीं ईद के मौके पर मस्जिदों में नमाज अदा करना, गरीबों को जकात और फितरा देना भी जरूरी माना जाता है।



### ईद-उल-फितर क्यों मनाई जाती है...

ईद उल फितर का त्योहार पैगंबर मोहम्मद के समय से जुड़ा हुआ है। जब पैगंबर मोहम्मद ने मक्का से मदीना की यात्रा की, तो उन्होंने अपने अनुयायियों को रमजान के महीने में रोजा रखने को कहा था। रमजान के महीने के दौरान, मुसलमानों ने अपने दिनभर के कामों को छोड़कर रोजा रखा और रात में तरावीह की नमाज अदा की।

### पहली बार कब मनाई थी मीठी ईद...

इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक, पाक किताब कुरान पहली बार रमजान के महीने के दौरान पैगंबर मुहम्मद साहब के के ऊपर नाजिल हुई थी। उन्होंने मक्का छोड़ने के बाद मदीना में ईद-उल-फितर मनाने की शुरुआत की थी। सबसे पहले ईद-उल-फितर का जश्न 624 ई. में मनाया गया था, जो इस्लामी इतिहास में पहले रमजान के अंत का प्रतीक थी। रमजान के महीने के अंत में, पैगंबर मोहम्मद ने अपने अनुयायियों को ईद उल फितर के अवसर पर एकत्र होने का आदेश दिया। इस दिन, मुसलमानों ने अपने रोजे की समाप्ति का जश्न मनाया और एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

### ईद-उल-फितर का महत्व...

ईद उल फितर एक महत्वपूर्ण त्योहार है। ईद उल फितर के दिन, मुसलमानों को अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खुशियों का जश्न मनाना चाहिए। यह पर्व मुसलमानों को एकता और सौहार्द के महत्व को सिखाता है, और यह उन्हें अपने समुदाय के साथ मिलकर काम करने का अवसर प्रदान करता है।

### ईद-उल-फितर की तैयारी...

ईद उल फितर की तैयारी ईद-उल-फितर से लोग पहले अपने घरों को सजाते है। नए कपड़े बनाते है, और अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर ईद उल फितर तैयारी करते है। ईद की रात सभी अपने घर में रातभर जागकर अपने घर में ईद के लिए अनेक मिठाईयां तैयारियां करते है। इद-उल-फितर से पहले परिवार के साथ पारम्परिक व्यंजन जैसे खजूर और मीठी सेवई और तरह-तरह के पकवानों की तैयारी की जाती है।

### अल्लाह का शुक्र अदा करना...

यह त्योहार रमजान के दौरान अल्लाह की इबादत और रोजे के लिए शुक्र अदा करने का अवसर है।

### सामुदायिक एकता...

ईद-उल-फितर सामुदायिक एकता, जकात और विनम्र व्यवहार को बढ़ावा देता है और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे का भी पैगाम देता है।

### जकात-उल-फितर...

इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को जकात और फितरा देना एक महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है।

### खुशी और जश्न...

ईद-उल-फितर खुशी, जश्न और मिलन-जुलन का त्योहार है, जिसमें लोग एक-दूसरे को बधाई देते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हैं।

### ईद-उल-फितर कैसे मनाई जाती है

**नमाज़ः**
ईद-उल-फितर की नमाज़ सुबह जल्दी उठकर अदा की जाती है।

**जकातः**
ईद की नमाज़ अदा करने से पहले गरीबों और जरूरतमंदों को जकात-उल-फितर दिया जाता है।

**नए कपड़ेः**
लोग नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं।

**मिलन-जुलनः**
परिवार और दोस्त एक-दूसरे के घरों में जाते हैं और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हैं।

**उपहारः**
लोग एक-दूसरे को उपहार देते हैं।

### रिश्तेदारों की कब्रों पर जाना...

कुछ लोग ईद के दिन रिश्तेदारों की कब्रों पर जाते हैं और उनके लिए मगफिरत की दुआ करते है।

### ईद पर क्या-क्या होता है...

ईद की शुरुआत खास ईद की नमाज से होती है, जो सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में पढ़ी जाती है। इसके बाद लोग अल्लाह से दुआ करते हैं।

### मिठाइयों का आदान-प्रदान...

ईद-उल-फितर के दिन लोग एक दूसरे के घर जाकर सैवयां और मिठाईयों खाते है और एक-दूसरे के घर देते है। इसके अलावा आपस में गले लगकर ईद-उल-फितर की बधाई देते है।

# शादी के बाद करियर: उड़ान या उलझन

**भारत में सिर्फ 20 प्रतिशत महिलाएं कार्यबल में बनी रहती हैं, जबकि स्नातक स्तर पर उनकी भागीदारी पुरुषों के बराबर होती है, शादी के बाद लगभग 47 प्रतिशत भारतीय महिलाएं अपना करियर छोड़ देती है, शादीशुदा महिलाओं की कमाई 15-20 प्रतिशत तक कम हो जाती है, 85 प्रतिशत भारतीय महिलाओं का मानना कि शादी और बच्चों के कारण उन्हें करियर में बाधाएं झेलनी पड़ती है**



प्रियंका सौरभ

परिवारों को यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएं आसानी से दोनों भूमिकाएं निभा सकें।

सोचिए, एक लड़की ने अपने करियर के लिए दिन-रात मेहनत की, डिग्रियां लीं, अनुभव जुटाया और फिर शादी हुई! और शादी के बाद? अक्सर वही होता है, जो पीढ़ियों से होता आया है। करियर या तो ठहर जाता है या धीरे-धीरे गुमनाम हो जाता है। हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का 'मील का पत्थर' माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह मील का पत्थर करियर की सड़क को आगे बढ़ाने का काम करता है या उस पर एक बड़ा ब्रेक लगा देता है।

### करियर या शादी: क्या वाकई कोई चुनाव होना चाहिए

हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का 'टर्निंग पॉइंट' माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह टर्निंग पॉइंट आगे बढ़ाने के लिए होता है या पीछे धकेलने के लिए? कई बार परिवार, समाज और खुद महिलाओं की भी यह सोच बन जाती है कि शादी के बाद करियर प्राथमिकता नहीं रह जाता। कई बार महिलाओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया जाता है कि करियर और शादी साथ नहीं चल सकते। परिवार, समाज और कभी-कभी खुद महिलाएं भी मान लेती हैं कि शादी के बाद करियर कम प्राथमिकता वाला हो जाता है। क्या यह सही है? या यह सिर्फ एक सामा. जिक धारणा है जिसे बदलने की जरूरत है।

### अब तुम्हें घर संभालना है

कितनी बार हमने सुना है कि शादी के बाद महिलाएं करियर छोड़कर 'घर संभालने' में लग जाती हैं। अगर शादी से पहले वे एक शानदार कॉर्पोरेट जॉब में थीं, तो शादी के बाद यह सवाल उठता है। 'अब ऑफिस और घर दोनों कैसे मैनेज करोगी' और इसका हल अक्सर यही निकलता है कि करियर छोड़ दो! शादी के बाद परिवार और समाज अक्सर महिलाओं से यह अपेक्षा करता है कि वे करियर की बजाय घरेलू जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें। यह सोच क्यों है। क्या पुरुषों से भी यही अपेक्षा की जाती है। महिलाओं के सपने और करियर किसी 'सेल' में रखे सामान की तरह डिस्काउंट पर चले जाते हैं कि तुम्हारा पैशन बाद में, पहले परिवार, पति की जॉब ज्यादा जरूरी है, तुम्हारी तो बस टाइमपास थी।

### मॉमी ट्रैक: करियर का ब्रेक या परमानेंट स्टॉप

मातृत्व आते ही महिलाओं के करियर को 'मॉमी ट्रैक' पर डाल दिया जाता है। यानी, प्रोमोशन की रेस से बाहर, साइड रोल में डाल दिया जाता है। वर्कप्लेस पर भी उन्हें कम महत्व दिया जाता है, क्योंकि माना जाता है कि अब वे 'फुल टाइम करियर' के लिए उतनी प्रतिबद्ध नहीं रहेंगी। मातृत्व के बाद कई महिलाओं को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है, जबकि पुरुषों के करियर पर इसका असर नहीं पड़ता। क्या यह लैंगिक असमानता का एक रूप नहीं है? क्या कंपनियां अधिक लचीली नीतियां अपनाकर महिलाओं को सपोर्ट कर सकती हैं?

### क्या शादी के बाद पुरुषों से पूछा जाता है कि 'अब करियर का क्या करोगे?'

नहीं ना यही सवाल अगर महिलाओं से पूछा जाता है, तो यह खुद ही बता देता है कि समस्या कहां है। शादी और करियर को एक साथ संतुलित करने वाली महिलाओं के उदाहरण भी मौजूद हैं। क्या यह संभव नहीं कि शादी करियर के लिए नया सहयोग और समर्थन लेकर आए। कई कपल्स मिलकर एक-दूसरे के करियर को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। क्या यह एक नए नजरिए की जरूरत नहीं है।

### ग्रामीण महिलाओं का करियर: चुनौतियां और अवसर

ग्रामीण भारत में शादी के बाद महिलाओं के करियर की स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। पारंपरिक सोच, शिक्षा की कमी और अवसरों की अनुपलब्धता के कारण कई महिलाएं शादी के बाद आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं रह पातीं। हालांकि, सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी), ग्रामीण उद्यमिता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से अब बदलाव आ रहा है। उदाहरण के लिए: सखी मंडल और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं छोटे व्यवसाय चला रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से कई महिलाओं ने अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू किए। डिजिटल इंडिया पहल के कारण अब महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस कर रही हैं। डेयरी, सिलाई, कढ़ाई, बागवानी और कृषि आधारित व्यवसायों में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

### महिलाओं के करियर पर शादी का प्रभाव

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सिर्फ 20 प्रतिशत महिलाएं कार्यबल में बनी रहती हैं, जबकि स्नातक स्तर पर उनकी भागीदारी पुरुषों के बराबर होती है। शादी के बाद लगभग 47 प्रतिशत भारतीय महिलाएं अपना करियर छोड़ देती हैं। शादीशुदा महिलाओं की कमाई 15-20 प्रतिशत तक कम हो जाती है। 85 प्रतिशत भारतीय महिलाओं का मानना है कि शादी और बच्चों के कारण उन्हें करियर में बाधाएं झेलनी पड़ती हैं। भारत में 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं की कार्यबल भागीदारी सिर्फ 18 प्रतिशत रह जाती है, जबकि पुरुषों के लिए यह संख्या 78 प्रतिशत है।

### प्रेरणादायक केस स्टडीज

इंद्रा नूयी शादीशुदा होने के बावजूद अपने करियर को बनाए रखने में सफल रहीं। उन्होंने अपनी किताब '**My Life in Full**' में बताया है कि कैसे उन्होंने अपने परिवार और करियर को संतुलित किया, और कैसे कंपनियों को महिलाओं के लिए सहायक कार्यस्थल बनाने की ज़रूरत है। किरन मजूमदार शॉ (**Biocon** की संस्थापक) ने शादी और समाज की अपेक्षाओं के बावजूद उन्होंने अपनी बायोटेक कंपनी खड़ी की। उनके अनुसार, परिवार से समर्थन मिलने पर शादी के बाद भी महिलाएं सफलतापूर्वक अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने मातृत्व के बाद भी खेल में वापसी की और कई खिताब जीते। उन्होंने इस मिथक को तोड़ा कि मां बनने के बाद करियर को छोड़ना ही एकमात्र विकल्प है।




### तो क्या हल है?

परिवारों को यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएं आसानी से दोनों भूमिकाएं निभा सकें।

# चंद्रमा की उम्र लगभग पृथ्वी के बराबर है!

**2019 में वैज्ञानिकों को चंद्रमा की चट्टानों में टंगस्टन के हल्के आइसोटोप मिले, उस अध्ययन के मुखिया मैक्सवेल थीमेन्स ने अनुमान लगाया कि ये आइसोटोप तत्व हाफ्नियम के अब विलुप्त हो चुके आइसोटोप से बने होंगे, और हाफ्नियम का यह आइसोटोप और मंडल के शुरू के 6 करोड़ वर्षों में ही उपस्थित था, इस खोज ने बारबोनी के निष्कर्षों को मजबूती दी**

हाल में प्रस्तुत एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि पृथ्वी के अस्तित्व में आने के थोड़े समय बाद से ही चंद्रमा उसका साथी रहा है। यह नया शोध बताता है कि चंद्रमा का जन्म सौर मंडल बनने के महज 6.5 करोड़ साल बाद ही हो गया था। यानी चंद्रमा की उम्र करीब 4.5 अरब साल है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है।

ल्यूनर एंड प्लैनेटरी साइंस कॉफ्रेंस (**LPSC**) में प्रस्तुत इस शोध में बताया गया है कि चंद्रमा का निर्माण पृथ्वी के बनने के तुरंत बाद हुआ था, जब मंगल ग्रह के साइज़ जितना एक प्रोटो-प्लैनेट 'थीया' पृथ्वी से टकराया था। गौरतलब है कि सौर मंडल का निर्माण लगभग 4.56 अरब वर्ष पहले शुरू हुआ, और इसके 2-3 करोड़ साल बाद पृथ्वी आकार लेने लगी। उस समय अंतरिक्ष में भारी हलचल थी और बड़े-बड़े खगोलीय पिंडों की टक्कर एक आम बात थी। इन्हीं में से एक टक्कर युवा पृथ्वी से थीया नामक पिंड के टकराने की थी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि पृथ्वी से भारी मात्र में पिघली हुई चट्टान और मलबा अंतरिक्ष में उछला, जो बाद में संघनित होकर चंद्रमा बना। यह घटना पृथ्वी के विकास में भी महत्वपूर्ण रही। इस टक्कर से पृथ्वी की सतह पिघलकर खौलते मैग्मा के महासागर में बदल गई और इसने पृथ्वी के घूर्णन और झुकाव को स्थिर करने में मदद की। इसलिए चंद्रमा के निर्माण का सटीक समय जानकर वैज्ञानिक यह समझ सकते हैं कि पृथ्वी अपने वर्तमान रूप में कब आई।


### चंद्रमा की उम्र कैसे तय की?

कई वर्षों से वैज्ञानिक अपोलो मिशनों द्वारा लाई गई चंद्रमा की चट्टानों का अध्ययन करते आ रहे हैं। पूर्व में, जब वैज्ञानिकों ने चट्टानों का अध्ययन किया था तो पता चला था कि चंद्रमा की सतह से प्राप्त चट्टानें लगभग 4.35 अरब साल पुरानी थीं और ये चट्टानें चांद के अपने मैग्मा से बनी थीं। तो माना गया कि चांद की उम्र लगभग उतनी ही है। लेकिन इतना युवा चंद्रमा बाकी प्रमाणों से मेल नहीं खाता।

इस पहेली को सुलझाने में बड़ी सफलता तब मिली जब वैज्ञानिकों ने चंद्रमा से मिले ज़िरकॉन क्रिस्टलों का अध्ययन किया। इन क्रिस्टल के रेडियोधर्मी तत्वों के विघटन से उनकी सही उम्र का पता लगाया जा सकता है। 2017 में, भू-रसायन वैज्ञानिक मेलानी बारबोनी ने आठ ज़िरकॉन रवों का विश्लेषण करके यह देखा कि इनमें मौजूद युरेनियम के विघटन से कितना लेड बन चुका है। इस मापन के आधार पर बारबोनी ने निष्कर्ष निकाला कि चंद्रमा 4.51 अरब साल पुराना है।

2019 में, वैज्ञानिकों को चंद्रमा की चट्टानों में टंगस्टन के हल्के आइसोटोप मिले। उस अध्ययन के मुखिया मैक्सवेल थीमेन्स ने अनुमान लगाया कि ये आइसोटोप तत्व हाफ्नियम के अब विलुप्त हो चुके आइसोटोप से बने होंगे। और हाफ्नियम का यह आइसोटोप सौर मंडल के शुरू के 6 करोड़ वर्षों में ही उपस्थित था। इस खोज ने बारबोनी के निष्कर्षों को मज़बूती दी। यानी चंद्रमा उन वर्षों में बना होगा। अब, वैज्ञानिकों ने रुबिडियम के स्ट्रॉन्शियम में विघटन को मापने की एक नई विधि से इस निष्कर्ष की पुष्टि की है। मैक्स प्लैंक इंस्टीटयूट के थॉर्स्टन क्लाइन और उनकी टीम ने गणना की कि चंद्रमा लगभग 4.5 अरब साल पहले बना था। ये नतीजे पिछले शोधों को पुख्ता करते हैं और चंद्रमा के जन्म की एक सुसंगत समयरेखा देते हैं। चंद्रमा बनने के बाद भी यह कोई शांत खगोलीय पिंड नहीं था। आरंभ में इसकी पूरी सतह पिघले हुए लावा के महा. सागर से ढंकी थी, जो धीरे-धीरे ठंडी होकर ठोस बन गई। लेकिन शोध बताते हैं कि पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव ने इसकी सतह को दोबारा गर्म कर दिया, ठीक वैसे ही जैसे बृहस्पति के असर से उसके चंद्रमा 'आयो' पर भीषण ज्वालामुखीय गतिविधि देखी जाती है। एक अन्य सिद्धांत के अनुसार, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर किसी विशाल उल्कापिंड की टक्कर ने इसकी सतह को नया रूप दिया होगा। इनमें से किसी एक वज़ह से चंद्रमा की उम्र का सही अनुमान लगाना जटिल हो गया। अपोलो द्वारा लाए गए नमूनों को इस नए दृष्टिकोण से देखने की ज़रूरत है। हो सकता है कि वे पिघलकर वापिस ठोस बन गए चंद्रमा के होंगे, मूल रूप में निर्मित चंद्रमा के नहीं। चीन का चांग ई-6 मिशन, जो चंद्रमा की दूरस्थ सतह से लगभग 2 किला. ग्राम चट्टानें लेकर लौटा है, इस रहस्य पर और प्रकाश डाल सकता है।

स्रोत फीसर्च



# थकान और कमजोरी का कारण आपकी डाइट तो नहीं? पहचानें ये संकेत

क्या आपको पूरी रात की नींद के बाद भी थकान महसूस होती है या फिर दिनभर एनर्जेटिक बने रहने के लिए बार-बार कॉफी पीने का मन करता है? अगर यह सच है तो इसका कारण आपकी डाइट हो सकती है। जो भी हम खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी एनर्जी पर पड़ता है। अगर आपके खाने में ज़रूरी पोषक तत्व कम हैं या आप ज्यादा तला-भुना और अस्वस्थ खाना खाते हैं, तो आप खुद ही अपनी एनर्जी को कम कर रहे हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि कुछ लोग अपनी डाइट पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं और कुछ भी उल्टा-सीधा खा लेते हैं। लेकिन अगर आपकी डाइट सही नहीं है, तो आपको दिनभर थकान, अचानक भूख लगना, फोकस करने में परेशानी, यहां तक कि सोने में दिक्कत भी हो सकती है। कई बार हमें पता नहीं चलता, लेकिन असली समस्या हमारी खाने की प्लेट में भी हो सकती है। हालांकि, शरीर खुद इस बात का संकेत देता है।

### बार-बार एनर्जी क्रैश होना

अगर आप भोजन के बाद एनर्जेटिक महसूस करते हैं, लेकिन कुछ ही घंटों के बाद ही थक जाते हैं, तो यह बहुत अधिक रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और शुगर का सेवन करने के कारण हो सकता है।



### बार-बार मीठा या जंक फूड खाने की क्रेविंग होना

क्या आपको अक्सर मीठा और प्रोसेस्ड फूड खाने की इच्छा होती है? इसका मतलब है कि आपके आहार में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी है। जब आपके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, स्वस्थ वसा या फाइबर नहीं मिल रहा होता है, तो वह शुगर जैसे क्विक एनर्जी सोर्स की इच्छा करता है।

### खाने में पेट में भारीपन महसूस होना

अगर आपका पाचन तंत्र धीमा है, तो यह आपकी एनर्जी को कम कर सकता है। अगर भोजन के बाद आपको पेट भारी या फूला हुआ लगता है, तो इसकी वजह ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, अनहेल्दी फैट जैसे तला-भुना खाना या फाइबर की कमी हो सकती है। इसलिए, अपनी डाइट को बैलेंस करें। दही, अचार और अन्य फर्मेंटेड फूड जैसे प्रोबायोटिक्स खाएं, ज्यादा फाइबर वाले फल और सब्जियां शामिल करें।

# सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

नसीम कुरैशी
बुढ़ाना क्षेत्र प्रभारी
बरेली, देहरादून, हल्द्वानी, लखनऊ, मुरादाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, नई दिल्ली व सहारनपुर से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स में अपनी खबरें और विज्ञापन छपवाने के लिए संपर्क करें।
आप सभी को हमारी और से ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
कहकशां

आप सभी बुढ़ाना नगरवासियों को
मेरी ओर से
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
गुलफाम खान
(सभासद)
बुढ़ाना नगर पंचायत वार्ड नम्बर 10
आवासः चंधेड़ी रोड, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

आप समस्त बुढ़ाना क्षेत्रवासियों को
मेरी ओर से
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
तैमूर अली राणा
(मंदवाड़ा)
(युवा प्रगतिशील किसान)
न्याय पंचायत अध्यक्ष : भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बुढ़ाना
आवासः ग्राम मंदवाड़ा, कस्बा बुढ़ाना, मु.नगर

आप समस्त बुढ़ाना कस्बा और क्षेत्रवासियों को हम दोनो की तरफ से ईद उल फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, बैसाखी, आंबेडकर जयंती, गुड फ्राइडे व बुद्ध पूर्णिमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन मेडिकल स्टोर विज्ञाना
विपिन गोयल
नितिन गोयल
आवासः ग्राम विज्ञाना, ब्लॉक बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

आप सभी गांव सफीपुर पट्टी और बुढ़ाना कस्बेवासियों को मेरी ओर से
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
मौ. इसरार
नगर अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बुढ़ाना
भावी प्रधानः ग्राम पंचायत सफीपुर पट्टी और गांव सफीपुर क्षेत्र के प्रधान पद के उम्मीदवार
आवासः कोतवाली रोड़ बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

हमारी और से आप समस्त बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्रवासियों को ईद-उल-फितर त्यौहार की दिली मुबारकबाद
अमजद उस्मानी
वेलकम स्वीट्स
कांधला रोड, कस्साबान पुलिया के समीप बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर
नोटः हमारे यहां हमेशा हर तरह की ताजी मिठाईयां मिलती है। शादी ब्याह, जन्मदिन पार्टी व अन्य फंक्शनों के लिए ऑर्डर बुक कराएं। एक बार सेवा का मौका जरूर दें। आप फिर बार-बार आना चाहेंगे।

आप सभी बुढ़ाना कस्बा ओर क्षेत्रवासियों को मेरी और से
ईद-उल-फितर त्यौहार की
की दिली मुबारकबाद
मुफ्ती
आस मौहम्मद कासमी
अध्यक्षः जमियत
उलेमा-ए-हिंद शाखा बुढ़ाना
आवासः मौहल्ला पीरशाह विलायत, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर, यूपी

आप सभी बुढ़ाना कस्बेवासियों को
मेरी ओर से
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
तौसीफ राही
प्रबंधक
ईदगाह कमेटी बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

जौला यूथ क्लब की ओर से
आप सभी बुढ़ाना क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
गुलरेज राणा
(राष्ट्रीय अध्यक्ष,जौला यूथ क्लब)
जीशान अहमद
(राष्ट्रीय महासचिव,जौला यूथ क्लब)
कार्यालयः कांधला रोड़, ग्राम जौला, ब्लॉक बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर, यूपी

आप सभी नागरिकों को हमारी ओर से
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
फैज टाइल्स एंड मार्बल्स
फैज जिया (एमडी)
आतिफ जिया (एमडी)
इमरान जिया
(कांग्रेस के वरिष्ठ नेता)
विशेषः मजबूत टिकाऊ और बेहद सस्ती टाइल्स के लिए जरूर सम्पर्क करें
प्रतिष्ठानः फैज गार्डन के समीप, पुलपार, मु.नगर

आप सभी बुढ़ाना कस्बा ओर क्षेत्रवासियों को मेरी और से
ईद-उल-फितर त्यौहार की
की दिली मुबारकबाद
मुफ्ती
आस मौहम्मद कासमी
अध्यक्षः जमियत
उलेमा-ए-हिंद शाखा बुढ़ाना
आवासः मौहल्ला पीरशाह विलायत, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर, यूपी

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं
हारून मलिक
ग्राम प्रधान भूड़, खतौली

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद दानिश
काजियान वार्ड सभासद

सभी प्रदेश वासियो को
नवरात्रि ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाऐं
करमवीर सिंह
चेयरमैन LDPS
9818075606
राजबीर सिंह वर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
क्षेत्रीय विकास पार्टी, उत्तर प्रदेश

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं
काजी नबील अहमद
वरिष्ठ सपा नेता, खतौली

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की तहे दिल से मुबारकबाद
Eid Mubarak
सिराज मलिक
Govt. Cont. शाहपुर

Eid Mubarak
सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की तहे दिल से मुबारकबाद
मुश्तरी बेगम वालिदा आदिल खान
(MSW) Master in Social Work
सभासद वार्ड नम्बर 8 नगर पंचायत शाहपुर
Ph. No. 9953003000

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी वसीम
ग्राम प्रधान फुलत

सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
Eid Mubarak
की तहे दिल से मुबारकबाद
मोहसीन रंगरेज
सभासद नगर पंचायत शाहपुर

सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोनू सैनी
ग्राम प्रधान पलड़ी, ब्लॉक शाहपुर

Eid Mubarak
सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की तहे दिल से मुबारकबाद
उवेश सिद्दीकी
प्रमुख समाजसेवी, शाहपुर

सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
Eid Mubarak
की तहे दिल से मुबारकबाद
जुल्फिकार कुरैशी
भाकियू नेता शाहपुर

शाहपुर पब्लिक स्कूल
की ओर से
Eid Mubarak
समस्त देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की तहे दिल से मुबारकबाद
सिकंदरे आजम
(प्रबंधक)